RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र


www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः32 , सोमवार, 16 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



राधा-कृष्ण कथा का भव्य शुभारम्भ, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर 03



रामगढ़वा में प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी सेविका संघ का गठन, रानी देवी बनी निर्विरोध अध्यक्ष 04

शाहिद कपूर कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की तिकड़ी लेकर आ रही... 07

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद के हरीश इच्छामृत्यु के लिए दिल्ली एम्स हुए शिफ्ट

- घर से आखिरी विदाई, ब्रह्मकुमारी ने टीका लगाया, कहा-सबको माफ करते जाओ

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** 'सबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए अब जाओ...ठीक है' यह बातें ब्रह्मकुमारी लवली ने उस हरीश राणा के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी है। ब्रह्मकुमारी और परिवार के लोगों ने गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित घर से हरीश को विदाई दी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



है। ब्रह्मकुमारी ने हरीश के माथे पर चंदन का टीका भी लगाया। इसके बाद हरीश अपने अंतिम सफर पर निकल पड़े। इस दौरान हरीश के परिवार के सभी सदस्यों की आंखें नम हो गईं। पिता अशोक ने परिवार के सभी सदस्यों से माफी मांगी। बोले- न चाहते हुए भी यह कदम उठाना पड़ा है। हरीश 13 साल से कोमा में हैं। उन्हें इच्छामृत्यु के लिए शनिवार को दिल्ली के एम्स में शिफ्ट किया गया है। परिवार ने घर से एम्स तक शिफ्टिंग की पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा। पड़ोसी और सोसायटी में रहने वालों को भनक तक नहीं लगी। एक करीबी ने बताया, प्राइवेट गाड़ी से परिवार के लोग हरीश को ले गए। अब सुप्रीम कोर्ट फैसले के तहत सम्मानजनक तरीके से एम्स हरीश राणा के जीवन के अंत की व्यवस्था करेगा।

### अपने विधायकों को बचाने में जुट गई कांग्रेस पार्टी

- सता रहा हरियाणा-ओडिशा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का डर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव से पहले कई राज्यों में सियासी हलचल तेज हो गई है। क्रॉस वोटिंग और हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका के बीच कांग्रेस ने अपने विधायकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की रणनीति अपनाई है। ओडिशा में जहां पार्टी ने अपने 9 विधायकों को कर्नाटक के बेंगलुरु भेज दिया है, वहीं हरियाणा में कांग्रेस ने अपने विधायकों को शिमला रवाना कर दिया है, ताकि वोटिंग तक पार्टी एकजुट बनी रहे। पार्टी के सूत्रों के अनुसार यह कदम विधायकों को एकजुट रखने और किसी भी तरह के दबाव



या लालच से बचाने के लिए उठाया गया है। बताया गया है कि कांग्रेस के कुल 14 विधायकों में से 9 विधायक बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। वहीं, शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान केवल 5 कांग्रेस विधायक मौजूद थे। इनमें कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता रामचंद्र कदम, वरिष्ठ विधायक तारा प्रसाद बहिनिपति, विधायक सोफिया फिरदौस, रमेश जेना और दसरथी गमांगो शामिल थे। कदम ने आरोप लगाया कि बीजेपी का इतिहास विधायकों की खरीद-फरोख्त और दल-बदल कराने का रहा है। उन्होंने कहा, बीजेपी और उसकी डबल इंजन सरकार हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल रहने के लिए जानी जाती है। यह उनकी राजनीतिक संस्कृति बन चुकी है। ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने के लिए हमारे नौ विधायक बेंगलुरु गए हैं और वहां से दिल्ली जाकर वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

- बुछार में ऑपरेशन डीआईजीजी-2 जारी, पुंछ में ऑपरेशन शेरीकलां के दौरान जवान शहीद

**पुंछ/उरी (एजेंसी)।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में ऑपरेशन डिग्गी-2 के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यानी एलओसी के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के



जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। वहीं, शनिवार को पुंछ में जारी ऑपरेशन शेरीकलां के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया। जवान का नाम सूबेदार संदीप कुमार ढाका है। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि ढाका सुरनकोटे के ऊबड़-खाबड़ इलाके में ड्यूटी करते समय फिसलकर गिर गए थे।



- लक्षद्वीप में बन रहा है प्लांट, 24 घंटे बिजली भी मिलेगी

# अब समंदर का पानी पी सकेंगे लोग, बन गया प्लान!

**कवरत्ती (एजेंसी)।** चारों ओर समुद्र से घिरे द्वीपों की दो सबसे बड़ी चुनौती होती हैं- पीने का मीठा पानी और सस्ती ऊर्जा। लक्षद्वीप में इन दोनों का समाधान समुद्र ही देने वाला है। राजधानी कवरत्ती में ऐसा प्लांट तैयार हो रहा है जो समुद्र के तापमान के अंतर से बिजली पैदा करेगा और उसी प्रक्रिया में समुद्री पानी को पीने के पानी में बदलेगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी) ने ऐसी क्रांतिकारी तकनीक पर काम शुरू किया है, जो इस साल के अंत तक दुनिया के लिए मिसाल बन जाएगी। यह दुनिया का पहला ऐसा हाइब्रिड प्लांट होगा जो समंदर की लहरों से शुद्ध पानी और चौबीसों घंटे बिजली भी पैदा करेगा। नया प्लांट ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (ओटीईसी) तकनीक पर आधारित है। इसमें समुद्र की सतह का गर्म पानी व गहरे समुद्र का ठंडा पानी इस्तेमाल होगा। गर्म पानी को वैक्यूम में डालकर भाप बनाई जाएगी, यह भाप टरबाइन घुमाकर बिजली पैदा करेगी। फिर गहरे समुद्र से लाए गए ठंडे पानी से भाप को ठंडा करके मीठा पानी तैयार किया जाएगा। नया प्लांट रोजाना 1 लाख लीटर मीठा पानी बनाएगा और जरूरत की बिजली खुद पैदा करेगा। इसे चलाने के लिए डीजल या बिजली की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### अभी हो रहा लो टेम्परेचर थर्मल डीसैलिनेशन तकनीक का इस्तेमाल

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस प्रोजेक्ट को भविष्य की 'ऊर्जा सुरक्षा' का आधार बताया है। लक्षद्वीप के 8 द्वीपों पर पहले से ही लो टेम्परेचर थर्मल डीसैलिनेशन तकनीक से पानी बनाया जा रहा है।

- असम-केरल और पुडुचेरी में सिंगल फेज में 9 अप्रैल को वोटिंग

# पांच राज्यों में बज गया चुनावी बिगुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया है। मतदाता और 824 सीटें हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पिछले 12 महीने में चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लाने के लिए कई नए प्रयोग किए।



- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग
- सभी के नतीजे 4 मई को, सीईसी ने कहा-आचार संहिता हुई लागू

तमिलनाडु में सिंगल फेज में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। वहीं तीन राज्य केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज यानी 9 अप्रैल वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों- यूटी में 17.4 करोड़ पहला था एसआईआर, जिसमें यह निश्चित किया गया कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में न रहे। दूसरा- मोबाइल फोन पोलिंग स्टेशन के बाहर ही रखा जाएगा। वोट देने के बाद उसे वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही 5 राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाएगी। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था।

#### मतदान केंद्रों के लिए 100 फीसदी वेबकास्टिंग होगी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर 100 फीसदी वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया- पिछले 12 महीने में चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लाने के लिए कई नए प्रयोग किए। पहला था एसआईआर, जिसमें यह निश्चित किया गया कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में न रहे। दूसरा- मोबाइल फोन पोलिंग स्टेशन के बाहर ही रखा जाएगा। वोट देने के बाद उसे वापस ले सकेंगे। एक पोलिंग स्टेशन में 1200 से ज्यादा वोटर्स न हों। सभी जानकारी चुनाव से जुड़ी जिनमें एपिक कार्ड, प्रत्याशियों के हलफनामे एक एप पर उपलब्ध हैं।

#### चुनाव आयोग ने असम और केरल के अनोखे मतदान केंद्र के बारे में बताया

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम और केरल के अनोखे मतदान केंद्र भी हैं। असम- मतदान दल माजुली से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा नाव और सड़क मार्ग से तय करते हैं, ब्रह्मपुत्र नदी पार करते हैं, और अंत में ट्रैक्टर से दूरस्थ धनेखाना मतदान केंद्र पर 248 मतदाताओं को लेकर पहुंचते हैं। केरल- इडुक्की जिले के एक आदिवासी क्षेत्र में स्थित बूथ संख्या 34 एडामलकुड्डी, जिसमें कुल 693 मतदाता हैं, एक अनोखा दूरस्थ मतदान केंद्र है, जहां मतदान अधिकारी विशेष वाहन से 30 किलोमीटर की दुर्गम और दुर्गम सड़कों से होकर गुजरते हैं, जिसके बाद उन्हें 8 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।

#### सीईसी ने कहा– मैं युवाओं से वोट डालने की अपील करता हूं

चुनाव आयुक्त ने कहा– मैं युवाओं और पहली बार वोट देने वाले लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जरूर निभाएं। वे वोट जरूर करें। आपका वोट आपकी चॉइस है जो भविष्य का निर्माण करेगा। भारत में चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। चुनाव का ऐलान करने से पहले मैं आपको कुछ



जानकारी दे रहा हूं जो आने वाले चुनाव से जुड़ा है। पांच राज्यों– यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता और 824 सीटें हैं। 17.4 करोड़ मतदाता, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों की कुल आबादी के बराबर हैं। इस बार 20 से ज्यादा देशों के चुनाव आयोगों से आए मेहमान चुनाव देखने के लिए यहां आ रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आप जानते हैं कि ये सभी 5 राज्य भारत की सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक समृद्धता को दर्शाते हैं। इन राज्यों में एसआईआर संविधान के अनुसार किया गया।

### बंगाल में पुजारियों-मुअज्जिनों का मानदेय 500 बढ़ा

- अब हर महीने 2000 मिलेंगे, चुनाव के ऐलान से सवा घंटे पहले ममता का ट्वीट



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से सवा घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुजारियों और मुअज्जिनों (अजान के लिए आवाज देने वाला) के मानदेय में 500 की बढ़ोतरी की है। इन्हें अब हर महीने 2 हजार रुपए मिलेंगे। सीएम ममता ने रविवार दोपहर एक्स पोस्ट में लिखा- पुजारी और मुअज्जिन समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने मानदेय योजना के तहत पुजारियों और मुअज्जिनों की सभी नई आवेदनों को भी मंजूरी दे दी है। ममता ने लिखा कि हम ऐसा माहौल बनाने पर गर्व करते हैं, जहां हर समुदाय और परम्परा को महत्व दिया जाता है और मजबूत किया जाता है। हमारा प्रयास है कि हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षकों को उचित सम्मान और समर्थन मिले।

ईरान ने दिए लड़ाई में नरमी के संकेत, खाड़ी देशों में हमलों पर सफाई

# युद्ध रोकने की किसी भी पहल का स्वागत है

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश लड़ाई खत्म करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का स्वागत करेगा। अराघची के बयान से ईरान के इजरायल के साथ 28 फरवरी से चल रही लड़ाई में नरम पड़ने के संकेत मिले हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में इजरायल हमले करके इसका दोष ईरान पर मढ़ रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने कतर, सऊदी अरब, ओमान और पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संपर्क बने हुए हैं। अब्बास अराघची ने रविवार को कहा, तेहरान युद्ध खत्म करने की किसी भी पहल का स्वागत करता है, जिससे युद्ध का पूरी तरह अंत हो सके। अराघची का यह बयान ऐसे समय आया



है, जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अपने तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और दोनों पक्षों ने हमले तेज करने की धमकियां दी हैं। अब्बास अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान ने इस युद्ध में पड़ोसी अरब देशों में किसी भी नागरिक या रिहायशी इलाके को निशाना नहीं बनाया है।

#### ईरान-इजरायल युद्ध की तीसरे हफ्ते में एंट्री

इजरायल और अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। इसके बाद से लगातार लड़ाई चल रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान में भीषण बमबारी की है। इसमें ईरान में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। ईरान में कई इमारतें जमींदोज हो गई हैं तो 1300 से ज्यादा लोगों की जान अब तक हमलों में गई है। ईरान ने अमेरिका-इजरायल गठबंधन के हमलों का जवाब देते हुए खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य बेसों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। वहीं इजरायल में भी लगातार मिसाइल हमले किए गए हैं। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को भी बंद कर दिया है। इससे दुनियाभर में तेल सप्लाई प्रभावित है और ऊर्जा संकट गहरा रहा है।

## भारत रत्न से सम्मानित किए जाएं कांशीराम

राहुल गांधी ने की मांग, पीएम मोदी को लिखा लेटर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है। गांधी ने रविवार को अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गों में राजनीतिक चेतना जगाई थी। उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी। कांग्रेस नेता ने कहा, आज जब हम कांशीराम जी की जयंती मना रहे हैं और उनके जीवन तथा योगदान को याद कर रहे हैं। मैं आपसे अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

## ईरान युद्ध पर भारत का स्टैंड बिलकुल सही

- दत्तात्रेय होसबाले ने कहा -संघ चाहता है कि दुनिया में शांति हो



**पानीपत (एजेंसी)।** हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत के स्टैंड पर कहा कि भारत हित में सरकार सही कर रही है, ऐसा विश्वास है कि सरकार का स्टैंड सही है। उन्होंने कहा कि संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देता है। बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद नई सरकारें बनी हैं। दोनों देशों में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है। हालांकि, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। होसबाले ने कहा- भारतीयता क्या है, हिंदुत्व क्या है, इसकी एक स्पष्ट अवधारणा होनी चाहिए। यह केवल एक मानसिकता नहीं बल्कि एक जीवनशैली है। संघ ने अपने तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आखिरी दिन कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और सुझाव रखे। इनमें आरएसएस के दायित्व परिवर्तन भी शामिल रहा।

### नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी

- 7 लोगों की मौत, 7 घायल, मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी।

- 4 दिन तक विस्फोटक का इंतजार करते रहे आरोपी, 3 जगह धमाके की साजिश

## राजस्थान में बम ब्लास्ट के लिए पाकिस्तान से भेजा आईईडी

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में बम धमाके के लिए पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी ने साजिश रची थी। बॉर्डर एरिया वाले जिले हनुमानगढ़ में आतंकी ने इम्प्रोवाइज एक्सप्लोसिव डिवाइस भी पहुंचा दी थी। आरडीएक्स पहुंचने में देरी से आतंकी साजिश नाकाम हो गई। ये खुलासा हरियाणा के अंबाला में 2 किलो आरडीएक्स, आईईडी व विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों से पूछताछ में हुआ है। इनमें एक आरोपी अजमेर का रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार आतंकी



शहजाद भट्टी के इशारे पर ड्रोन के जरिए अमृतसर (पंजाब) में आरडीएक्स व दूसरा सामान भेजा गया था। सुरक्षा एजेंसी के सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आरडीएक्स से पहला ब्लास्ट हनुमानगढ़ में किया जाना था।

#### आंतकी भट्टी ने तीनों आरोपियों को टारगेट बताए

अंतिम टारगेट के रूप में आतंकी शहजाद भट्टी ने तीनों आरोपियों को एक दिन पहले अंबाला के तीन टारगेट बताए और कहा कि इनमें से एक जगह विस्फोट करना है। ये टारगेट थे – मुलाना का माता बाला सुंदरी मंदिर, जहां चैत्र नवरात्रों में हजारों लोगों की भीड़ पहुंचती है। दूसरा टारगेट अंबाला के एक बड़े नेता का घर और तीसरा टारगेट सैन्य क्षेत्र तोपखाना में स्थित एक सैन्य ठिकाना था।

## संक्षिप्त समाचार

### राघोपुर में फ्री हेल्थ कैंप,स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने की जांच, सैकड़ों मरीजों पहुंचे,मुफ्त दवाइयां दी गईं

**हाजीपुर**। वैशाली के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत के वार्ड संख्या 2 स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल पटना और जिला स्वास्थ्य समिति वैशाली के सहयोग से लगाया गया था। वैशाली के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कुंदन कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और मुफ्त दवाइयां प्राप्त कीं। इस अवसर पर वैशाली के सिविल सर्जन डॉ. श्यामनंदन प्रसाद सिंह, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज, राघोपुर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप पटेल, हेल्थ मैनेजर अभय राय और पंचायती राज पदाधिकारी विपुल विक्रम सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि सपना, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुमार, गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन कुमार और फिजिशियन डॉ. विनोद कुमार शामिल थे, जिन्होंने मरीजों को परामर्श और उपचार प्रदान किया। स्वास्थ्य कर्मियों रेणु कुमारी, डॉ. रवीना शर्मा, डॉ. शिल्पा सिंह, प्रभावती कुमारी, आंचल राज, नीतू कुमारी, वंदना कुमारी और जूही कुमारी ने भी शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। चकसिंगार पंचायत के मुखिया शिवपूजन भगत और मुखिया प्रतिनिधि राजीव सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डीडीसी कुंदन कुमार ने बताया कि राघोपुर प्रखंड के इस क्षेत्र से शहर की दूरी अधिक है और बाढ़ के समय इलाज के लिए बाहर जाना मुश्किल हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का 40वां जन्मदिन

**पटना**। आज भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का जन्मदिन है। आज वह अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। खेसारी लाल रविवार दोपहर पटना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां बर्थडे विश करने पर उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इस दौरान अन्मय सवालों पर वे बोलने से बचे। बर्थडे को लेकर पटना में भी कई जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दानापुर फरीदपुर नौबतपुर रोड में खेसारी की उपस्थिति में जन्मदिन का केक काटा जाएगा। वहीं, खेसारी के बर्थडे के अवसर पर पटना के विभिन्न जगहों पर कुछ लोगों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया है। बोरिंग रोड चौराहा पर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य प्रोग्राम होगा। एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने खेसारी को जन्मदिन विश करते हुए अपने साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें दोनों काफी करीब नज़र आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे टू द मोस्ट हैंडसम, एनर्जेटिक, टैलेंटेड मैन आई नो। लॉट्स ऑफ लव खेसारी जी।' उन्होंने कैप्शन लिखा, 'आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं खेसारी जी। भगवान आपको हमेशा स्वस्थ रखें, खुश रखें और आपका हर सपना पूरा हो। आप यही हमेशा लोगों के दिलों पर राज करते रहें।' पवन सिंह और खेसारी यादव के बीच जुबानी जंग चल रही है। खेसारी ने पवन के बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर मज़ाक बनाया था। दरअसल, पवन सिंह अपने बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान लड़खड़ाते नजर आए थे। वीडियो सामने आने पर आरोप लगा कि पवन केक काटने के दौरान नशे में थे। अगले दिन खेसारी ने एक स्टेज प्रोग्राम में पवन सिंह का मजाक उड़ाया था। लड़खड़ाकर मिमिक्री करते हुए कहा था, 'वो बोल नहीं रहा है, हिल के बता रहा है कि अंदर कुछ गया है। लोग इत्ती सी पी लेते हैं तो हिलने लगते हैं, हमें देखो एक ही जगह खड़े हुए हैं।'



### वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्री हेल्थ कैंपःछात्रों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उठाया लाभ, डॉक्टरों ने दी सेवा

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत चकसिकंदर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में एक निःशुल्क बहुचिकित्सकीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय की एकेडमिक बिल्डिंग के भूतल पर स्थित चिकित्सा गृह में संपन्न हुआ, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। यह स्वास्थ्य शिविर डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. गौरव और डॉ. लव कुमार नीरज के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम तक चला। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों, कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों और आसपास के ग्रामीणों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय की स्वास्थ्य जागरूकता पहल का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्यों के विशेष प्रयासों से यह शिविर सफल हो सका। प्राचार्य ने आगे बताया कि चिकित्सकों ने सभी मरीजों का गहन परीक्षण कर उचित निदान और परामर्श दिया। उन्होंने इसे केवल एक स्वास्थ्य जांच शिविर नहीं, बल्कि समाज के प्रति महाविद्यालय के उत्तरदायित्व की भावना का प्रतीक बताया। शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य के निर्देशन में एक विशेष समिति का गठन किया गया था। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रो. प्रियम कुमारी कार्यक्रम की कन्वीनर थीं, जबकि प्रो. निशा, प्रो. रजनी, प्रो. प्रिया, प्रो. कुमार अभिनव, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. विवेक कुमार, प्रो. सुप्रिया, प्रो. श्वेता सुमन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. आलोक कुमार ने कोऑर्डिनेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि शिविर में मरीजों की अच्छी भीड़ रही। छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलती है। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवी चिकित्सकों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### वैशाली में सिविल कोर्ट परिचारी परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

**हाजीपुर**। वैशाली में सिविल न्यायालय कार्यालय परिचारी पद की परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुचारु आवागमन के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास गश्ती दल तैनात किए गए हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। इसके अतिरिक्त, पूरे जिले में 15 स्टैटिक दंडाधिकारी और 15 पेट्रोलिंग दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर DFMD (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) और HHMD (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है, ताकि मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जाए जा सकें।

# पटना में ब्राउन शुगर-हेरोइन की 7 करोड़ की खेप जब्त

एजेंसी, पटना



पटना पुलिस ने खगौल इलाके के मुस्ताफापुर गांव से ब्राउन शुगर और हीरोइन की की खेप बरामद की है। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 7 करोड़ रुपए बताई गई है। पटना SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि दो-तीन महीने पहले पटना में ब्राउन शुगर की सप्लाई के बारे में जानकारी मिली थी। बैकवार्ड लिंक खंगालने के दौरान मुस्तफापुर के रहने वाले कल्लू पासवान के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कल्लू पासवान के घर की घेराबंदी करके तलाशी ली गई। जिसमें 4.846 ग्राम हेरोइन और ब्राउन शुगर मिले। घर के अंदर प्लास्टिक में छुपा कर मादक पदार्थ रखे गए थे।

**पूरा परिवार लंबे समय से इस धंधे में था**: पटना एसएससी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आलीशान घर और जमीन से संबंधित डॉक्यूमेंट देखकर लग रहा है कि यह पूरा परिवार लंबे समय से इस धंधे में था। कल्लू पासवान केबल ऑपरेटर का काम करता है, जिसकी तनख्वाह 20000 है। इतना बड़े आलीशान घर बनाना मुश्किल है और प्लॉट भी नहीं खरीदे जा सकते हैं। कल्लू पासवान के घर से बहुत डॉक्यूमेंट मिले हैं, जिसमें एक 15 कट्ठा के प्लॉट, 8 अलग अलग बैंक अकाउंट, एक बैंक एकाउंट में 20 लाख रुपये के भी डॉक्यूमेंट शामिल है।

**पूर्वोत्तर राज्यों से होती थी डिलीवरी**: अभी तक की जांच में जो बात सामने आई है, उसके मुताबिक पूर्वोत्तर राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी। सप्लायर पर खेप 100000 के हिसाब से सिलीगुड़ी से पटना ट्रेन के जरिए पहुंचाकर चले जाते थे। महीने में एक-दो ट्रिप सप्लायर लगा देते थे। पटना के अंदर पटना सिटी, रामकृष्ण नगर और दानापुर का इलाका इसका हब बना हुआ है।

**आरोपी के पास आलीशान घर और जमीन के डॉक्यूमेंट, पूर्वोत्तर राज्यों में होती थी सप्लाई**

**कल्लू का बेटा बिट्टू है मुख्य सरगना**: पुलिस की पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि इस गैंग का सरगना कल्लू पासवान का बेटा बिट्टू पासवान है। जो फिलहाल पिता की गिरफ्तारी के बाद से फरार है। आज ग्रेजुएशन का एग्जाम देने सेंटर पर जाने वाला था। पुलिस की कार्रवाई के चलते केंद्र पर नहीं पहुंचा। बिट्टू ही पूरे साम्राज्य को चल रहा था। बिट्टू अपने अंदर शहरी इलाके में 10 सप्लायार रखा था। जो अलग-अलग हिस्सों में कमीशन पर डिलीवरी कर रहे थे।

**जब होगी संपत्तिः** एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया, एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध से अर्जित की गई संपत्ति कल्लू पासवान की जप्त होगी। इस दिशा में पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही कल्लू पासवान की निशानदेही पर बैकवार्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाले जा रहे हैं।

## पटना में मिला यूपी का लापता राधे श्याम, पुलिस कर रही पूछताछ

**एसके पुरी इलाके से मिली लोकेशन, नाबालिग बरामद**

एजेंसी, पटना



पटना के एसके पूरी इलाके से एक नाबालिग को बरामद किया गया है, जो उतर प्रदेश उरई जालौन का रहने वाला है। युवक का नाम राधे श्याम (15) है। यूपी कंट्रोल रूम से पटना पुलिस को मैसेज आया कि एक नाबालिग को पटना के चैनपुर इलाके में जबरन रखा गया है, जो यूपी के उरई से गुमशुदा है। इसके बाद वरीय अधिकारी सकते में आ गए। संबन्धित एसके पूरी और पास के थानों को यूपी पुलिस के द्वारा बताई गई लोकेशन पर भेजा गया। जहां से युवक को बरामद कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल युवक से पूछताछ कर रही है।

**नाबालिग दोस्तों के साथ आया था पटना**: युवक ने पुलिस को बताया कि उरई के एक निजी स्कूल में पढाई करता है। 9वीं का छात्र है। पिता करोबारी हैं। सब्जी का करोबार करते हैं। इसी दौरान पटना चैनपुर के रहने वाले दो युवकों के संपर्क में आया। फिर उन्हीं के साथ पटना उनके घर पर चला आया। युवक का आरोप है कि पटना आने के बाद दोनों इसे यहीं रोक लिए। जाने नहीं दे रहे थे। इसके बाद युवक के परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर के मदद की गुहार लगाई।

**पहले अपहरण की दी जानकारीः** पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि, 'उसका अपहरण हुआ है। कट्टा भिड़ाकर पटना लाया गया है, लेकिन जब थाने पर लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना बयान बदल दिया।' उसने बताया कि, 'शनिवार के दिन अपने दो जानने वाले दोस्तों के साथ पटना आया था। मोबाईल वगैरह बंद करा कर जबरन रोक रखा था।' फिलहाल, पटना पुलिस ने युवक के परिजनों को खबर कर दी है। साथ ही साथ जिन लड़को के बारे में उसने बताया है, उनकी पहचान कराई जा रही है।

## पटना में राज्यपाल बनाने का झांसा देकर 10 लाख ठगा

एजेंसी, पटना



पटना के राजीव नगर इलाके में एक महिला से जालसाज ने राज्यपाल बनाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अनीता मिश्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपना नाम युवराज प्रताप सिंह बताया था। उसने दावा किया कि उसकी सीधी बातचीत एक बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष से होती है और वह उन्हें राज्यपाल बनवा सकता है। महिला के अनुसार आरोपी ने यह भी कहा कि वह उनके बेटे को फिल्म इंडस्ट्री में हीरो बना देगा। इसके अलावा उसने शिमला में जमीन, एसके पुरी में मकान और दिल्ली में फ्लैट दिलाने का भी वादा किया। आरोपी ने महिला को भरोसा दिलाने के लिए अशोक और शहनवाज नाम के दो लोगों से फोन पर बात कराई और उनसे एक बड़े नेता से बात कराने को कहा। महिला का दावा है कि उनकी भी एक व्यक्ति से बात कराई गई, जिसकी आवाज उस नेता जैसी लग रही थी। इन सब बातों से प्रभावित होकर महिला ने आरोपी को दो किस्तों में 10 लाख रुपये दे दिए। आरोपी ने यह भी कहा कि उनके राज्यपाल बनने से संबंधित कागजात राष्ट्रपति के पास भेज दिए गए हैं और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे।

## बिहार के रोहित कुमार सिंह को दिल्ली में सम्मान

एजेंसी, पटना

नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में एशिया इंडिया बिजनेस मीट एवं पीस कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एशिया के 12 देशों के राजनयिकों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता म्यांमार के राजदूत यू मोई क्यो आंग ने की, जो एशिया के 12 देशों के एंबेसडरों के चेयरमैन भी हैं। कार्यक्रम में एशियाई देशों के आपसी रिश्ते, व्यापारिक सहयोग और क्षेत्र में शांति को लेकर चर्चा की गई।

**सामाजिक न्याय के लिए रोहित कुमार सिंह सम्मानितः** सम्मेलन के दौरान मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को पिछले 14 वर्षों से सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। म्यांमार के राजदूत यू मोई क्यो आंग ने कहा कि जब उनके पास रोहित सिंह का प्रोफाइल पहुंचा तो उन्हें पता चला कि भारत में ऐसे युवा लगातार समाज में न्याय और मानवाधिकार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने



कहा कि जो युवा अपनी पूरी ऊर्जा देश सेवा में लगा दे, उसे किसी सेनानी से कम नहीं आंका जाना चाहिए।

**कई देशों के राजनयिक हुए शामिलः** इस सम्मेलन में म्यांमार के अलावा इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया, कंबोडिया, लाओस, ब्रूनेई और मंगोलिया सहित कई देशों के फर्स्ट सेक्रेटरी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एशियाई देशों के बीच व्यापारिक सहयोग, कूटनीतिक संबंध और क्षेत्रीय शांति को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसे भारत में एंबेसी की ओर से


**एशिया-इंडिया बिजनेस मीट एंड पीस कॉन्फ्रेंस 2026, बोले- मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए काम करता रहूंगा**

आयोजित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक माना जा रहा है।

**सम्मान मिलने पर क्या बोले रोहित सिंहः** सम्मान मिलने के बाद रोहित कुमार सिंह ने कहा कि, यह उनके लिए बेहद खास और प्रेरणादायक क्षण है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि किसी एंबेसी के कार्यक्रम में उन्हें इस तरह आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। रोहित सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है और भविष्य में वे सामाजिक न्याय की स्थापना तथा मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए और मजबूती से काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कई देशों के राजदूतों को एक मंच पर शांति और सामाजिक न्याय की बात करते देखना उनके लिए गर्व का पल था।

## प्रिंसिपल मुझे अश्लील इशारे करता है, कहता है-छोटे कपड़े पहनो महिला टीचर का आरोप

एजेंसी, पटना



"प्रिंसिपल स्कूल में छोटे कपड़े पहनकर आने को कहते हैं। मना करने पर CCTV से मेरी फोटो निकालते हैं और उसे गलत तरीके से एडिट कर वायरल करने की धमकी देते हैं।" ये आरोप लखीसराय के एक सरकारी आवासीय स्कूल की महिला टीचर ने लगाया है। इस मामले को लेकर टीचर शनिवार को बिहार राज्य महिला आयोग पहुंचीं और प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में महिला ने बताया, "प्रिंसिपल मुझे अश्लील इशारे भी करते हैं। वे कहते हैं कि स्कूल समय से पहले आया करो और छुट्टी के काफी देर बाद जाया करो।" वहीं प्रिंसिपल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा, "मैंने कोई भी गलत हरकत नहीं की है। समय पर स्कूल नहीं आने को लेकर ही यह विवाद हुआ है।"

**CCTV से क्लिप निकालकर ब्लैकमेल करता है प्रिंसिपलः** पीड़िता ने कहा, "मैं रोज समय पर अपनी ड्यूटी पर जाती थी। वहां के प्रिंसिपल मुझे गलत नीयत से देखते हैं और मुझे प्रताड़ित भी करते हैं। एक दिन मैंने उन्हें मेरी फोटो खींचते हुए देखा। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन्होंने मेरी छुट्टी रद्द कर दी। इसके बाद उन्होंने परिसर में लगे CCTV कैमरे से मेरा वीडियो क्लिप और फोटो निकाल लिया। फिर उसे दिखाकर मुझे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।"

**प्रिंसिपल ने मुझे अश्लील इशारे करता हैः** टीचर ने बताया, "वह मुझे स्कूल समय से पहले आने और छुट्टी के बाद देर से जाने को कहते हैं। कई बार उन्होंने मुझे अश्लील इशारे भी किए। मुझे परेशान करने के लिए उन्होंने मेरी बनी हुई हाजिरी भी काट दी। 18 दिसंबर 2025 को जब मैं समय पर स्कूल पहुंची, तो उन्होंने मेरा हाथ पकड़कर मुझे स्कूल से बाहर कर दिया और धमकी दी कि मुझे पढ़ाने लायक नहीं छोड़ेंगे।" पीड़िता ने आगे बताया, "प्रिंसिपल ने मुझे जान से मारने और

**सीसीटीवी से फोटो निकालकर वायरल करने की धमकी देता**

मेरी दोनों बच्चियों के अपहरण की धमकी भी दी। उन्होंने मेरे चरित्र को धूमिल करने और वीडियो वायरल करने की बात कही, ताकि मैं कहीं की न रहूं। मैंने अपनी जान बचाने के लिए अपने पिता और भाई को स्कूल बुलाया। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बना लिया, जो बाद में वायरल हो गया। इस मामले का ऑडियो क्लिप भी शिक्षा विभाग तक पहुंच चुका है।"

**प्रिंसिपल बोले- मेरे ऊपर लगे सारे आरोप झूठेः** प्रिंसिपल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा, "टीचर समय पर स्कूल नहीं आती थी और अटेंडेंस रजिस्टर में देरी से आने के बाद भी पहले का समय दर्ज कर देती थी। इसे देखने के बाद मैंने उसे काटकर एब्सेंट कर दिया। वह बिना किसी सूचना के छुट्टी पर भी चली जाती थी। मैं सिर्फ उसे समय पर स्कूल आने के लिए कहता था। मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं।"

## समस्तीपुर, खगड़िया में कुहासा, 22 जिलों में बारिश-बिजली का अलर्ट

एजेंसी, पटना

बिहार में मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विज्ञान ने उत्तर-पूर्वी बिहार के 22 जिलों में बारिश-बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इधर, समस्तीपुर और खगड़िया में रविवार सुबह हल्का कुहासा छाया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस सीवान जिले के जीरादेई में दर्ज किया गया। वहीं, 37.3 डिग्री सेल्सियस के साथ कैमूर सबसे गर्म रहा।

**राज्य के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र में सामान्य रहेगा मौसमः** वहीं, राज्य के पश्चिमी और मध्य हिस्सों के जिलों में फिलहाल कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। इनमें गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल शामिल हैं। दूसरी तरफ मौसम विभाग के अनुसार उत्तर बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज, जबकि पूर्वी बिहार के कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका और जमुई में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**आगे क्या... अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरीः** मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि जारी रह सकती है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई



**40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा**

गई है। हालांकि उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाने और मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। कुछ जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश को भी संभावना है। मौसम विभाग नै उत्तर और उत्तर-पूर्वी बिहार के कुछ जिलों में तेज हवा और हल्की बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे को रफ्तार से हवा चल सकती है।

**खराब मौसम में खुले में नही जाने की सलाहः** मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि गरज-चमक हो या बिजली गिरे तो खुली जगहों में जाने से बचे। पेड़ या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों। तेज हवा के दौरान कमजोर ढांचों या टिन शेड से दूरी बनाकर रखें। किसानों और आम लोगों से मौसम के ताजा अपडेट पर नजर रखने की अपील की गई है।

# पटना में 'रन फॉर नशामुक्त बिहार' की गूंज

एजेंसी, पटना

पटना के गांधी मैदान में रविवार को SBI पटना मैराथन 2026 का आयोजन किया गया। बिहार सरकार का मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से आयोजित इस मैराथन का थीम "रन फॉर नशामुक्त बिहार" रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु पहुंची। इस आयोजन में करीब 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर नशामुक्त और स्वस्थ बिहार के संकल्प को समर्थन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को स्वस्थ



जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। सुबह से ही गांधी मैदान में बड़ी संख्या में धावक, युवा, खिलाड़ी और फिटनेस प्रेमी जुटे रहे।

**बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने दिखाई हरी झंडीः** मैराथन को हरी बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने हरी झंडी दिखाया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मद्यनिषेध, उत्पाद

**मैराथन को पीवी सिंधु, शिक्षा मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, करीब 10 हजार धावकों ने लगाई दौड़**

एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव, आयुक्त उत्पाद-सह-निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल सहित कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे।

**जुम्बा सेशन से हुई ऊर्जा भरी शुरुआतः** कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान जुम्बा सेशन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगीत और फिटनेस गतिविधियों के साथ माहौल उत्साह से भर गया और धावकों में दौड़ के लिए नई ऊर्जा का संचार हुआ। इसके बाद अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए नशामुक्त बिहार के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया।

**गांधी मैदान से जेपी गंगा होकर अटल पथ पहुंचा मैराथनः** मैराथन की शुरुआत सुबह 3:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या-01 से की गई। दौड़ का निर्धारित रूट गांधी मैदान से शुरू होकर जेपी गंगा और अटल पथ तक रखा गया था। अटल पथ से यू-टर्न लेने के बाद प्रतिभागी उसी मार्ग से वापस गांधी मैदान पहुंचे, जहां फिनिशिंग लाइन पर दौड़ का समापन हुआ। विभिन्न श्रेणियों की दौड़ को निर्धारित अंतराल पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

**सुरक्षा और चिकित्सा के विशेष इंतजामः** मैराथन के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था के इंतजाम किए थे। पूरे रूट पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। धावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा शिविर, विशेषज्ञ डॉक्टरों और कार्डियोलॉजिस्ट की टीम तैनात रही। 10.5 किलोमीटर बिंदु पर एंबुलेंस और चिकित्सकों की विशेष व्यवस्था की गई थी, जबकि पूरे मार्ग पर दो एंबुलेंस लगातार गश्त करती रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर प्रहार 2.0ः मोतिहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 30 खाताधारकों पर केस

**बीएनएम @ मोतिहारी**। साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पूर्वी चंपारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बिहार पुलिस मुख्यालय की साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा इकाई के निर्देश पर पूरे राज्य में "साइबर प्रहार 2.0" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मोतिहारी पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर कई संदिग्ध बैंक खातों की जांच की। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा 97 संदिग्ध 'म्यूल बैंक खातों' की सूचना उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थानों की टीम ने लगातार छापेमारी और खाताधारकों का सत्यापन किया। जांच के दौरान 30 म्यूल खाताधारकों और साइबर अपराधियों की पहचान की गई। इनके खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिन थानों में मामले दर्ज किए गए हैं उनमें रक्सौल, चिरैया, आदापुर, हरसिद्धि, छतौनी, पलनवा, रामगढ़वा, बंजरिया, गोविंदगंज तथा साइबर थाना शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस अभियान में साइबर थाना के प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और मोबाइल सिम किसी भी व्यक्ति को न दें। ऐसा करने पर साइबर ठगी में उनके खाते का इस्तेमाल हो सकता है, जिससे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। मोतिहारी पुलिस ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### आर्म्स एक्ट मामले का 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। कोटवा थाना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट मामले के 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार कोटवा थाना कांड संख्या 270/25 (आर्म्स एक्ट) में वांछित अप्राथमिकी अभियुक्त चंदन गिरी को संयुक्त छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी चंदन गिरी, पिता रमेश गिरी, मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के धरूपाली गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर कोटवा थाना पुलिस और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**बीएनएम @ सुगौली**। थाना क्षेत्र के सुगांव टाल स्थित एक पेड़ से व्यक्ति का लटकता हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुगांव निवासी रामनिवास ठाकुर के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। जानकारी के अनुसार मृतक शुक्रवार को घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद परिजन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने स्थानीय थाने पहुंचे थे। इसी बीच रविवार को सुगांव टाल में एक पेड़ से उसका शव लटकता हुआ मिला, जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### रामगढ़वा पुलिस की बड़ी सफलताः एसयूवी से 78 किलो मादक पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार



**बीएनएम @ रामगढ़वा**। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामगढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) मनीष आनंद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सेमर चौक के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध काले रंग की फोर व्हीलर एसयूवी को घेराबंदी कर रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बेहद शातिराना तरीके से छिपाकर रखा गया करीब 78 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से वाहन को जब्त कर लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पहाड़पुर निवासी राजेश मांझी के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मादक पदार्थ की यह खेप पहाड़पुर इलाके में किसी बड़े नेटवर्क तक पहुंचाई जानी थी। इस कार्रवाई में रामगढ़वा थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह, एसआई सुमित कुमार, एसआई शैलेश्वर सिंह, एसआई अजीत सिंह और चौकीदार देवेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ और वाहन को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। डीएसपी मनीष आनंद ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

### हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए




**बीएनएम @ अरेराज**। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अरेराज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी के नेतृत्व में एसआई अविनाश कुमार व पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बहादुरपुर गांव निवासी सुरेंद्र यादव (पिता–लालबाबू यादव) को गिरफ्तार किया। वह कांड संख्या 62/26 में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं एवं डायन एक्ट के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहा था। उस पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इसके अलावा कांड संख्या 61/26 के नामजद आरोपी नंदलाल यादव (पिता–रामबाबू यादव) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। नंदलाल यादव पर हत्या के प्रयास और मारपीट से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# राधा-कृष्ण कथा का भव्य शुभारम्भ, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। परम श्रद्धेय जगत गुरु श्री राम कृपालु जी महाराज, प्रेम मंदिर वृन्दावन की छायारूपी शिष्या शक्तिश्वरी देवी की राधा-कृष्ण कथा का आयोजन विराट नगर श्री जी सत्संग समिति के द्वारा राधा कृष्ण सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेंस हॉल में रविवार को प्रारम्भ हुआ। राधा-कृष्ण कथा का आयोजन दिनांक 15 मार्च 2026 से प्रतिदिन संध्या 04 बजे से 21 मार्च 2026 तक किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन रविवार को देवी जी का कथा प्रांगण में आगमन हुआ, जहां उनका स्वागत आचार्य धर्म विभूषण चक्रवर्ती सम्राट डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया, पूर्व प्राचार्य मुंशी सिंह महाविद्यालय अरुण कुमार, राम रसायन के सम्पादक प्रो. राम निरंजन पाण्डेय तथा उद्योगपति एवं भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया ने किया। कथा के दौरान देवी जी ने राधा-कृष्ण की दिव्य प्रेम लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके कीर्तन और भजनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कई भक्तों की आँखों से अश्रुधारा बहने लगी। वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु नृत्य-गान करते हुए भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम के अंत में आरती का आयोजन किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण प्रेम प्रसंग की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर श्री सीकरीया ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं कृपालु जी पधार गए हों।

## फेनहारा प्रखंड के ऑटो एवं ई-रिक्शा ड्राइवर यूनियन का प्रथम सम्मेलन संपन्न



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। जिला के फेनहारा प्रखंड में ऑटो एवं ई-रिक्शा ड्राइवर यूनियन का प्रथम सम्मेलन राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित किया गया। उक्त सम्मेलन में जिले के ऑटो संघ के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, सीटू नेता बिहारी दुबे, सीटू संयोजक शक्ति नाथ तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप साहनी तथा सह-सचिव पवन ठाकुर सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि आए दिन टेंपो चालकों पर हमले हो रहे हैं और उनके अधिकारों पर लगातार कुठाराघात किया जा रहा है। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सीटू के नेतृत्व में टेंपो ड्राइवर यूनियन आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगी। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। राकेश कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, रौशन कुमार गुप्ता को सचिव, लाल बाबू गिरी को कोषाध्यक्ष, गुलशन तिवारी और नवलेश यादव को सह-सचिव, छोटे राजा को उपाध्यक्ष तथा दिनेश पटेल और रत्नेश पासवान को अन्य पदों पर चुना गया। सम्मेलन का समापन जोशपूर्ण नारों और एकजुटता के संकल्प के साथ किया गया।

## सपही मोड़ पर शराब पीकर हंगामा कर रहे 5 लोग गिरफ्तार, एक कोर्ट वारंटी भी पकड़ा गया

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने सपही मोड़ पर शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने हरदिया गांव के एक कोर्ट वारंटी को भी दबोच लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में तुरकौलिया माधोपुर निवासी रामस्वरूप महतो, मुस्लिम मियां, शिव कुमार तथा चिरैया थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव निवासी गुड्डू पासवान और अजीत पासवान शामिल हैं। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सपही मोड़ पर कुछ लोग शराब पीकर हल्ला-हंगामा कर रहे हैं और वे स्थानीय नहीं हैं। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष मिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही सभी लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उनके मुंह से शराब की गंध आने पर सभी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसी दौरान हरदिया गांव निवासी कोर्ट वारंटी राजू महतो को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रघुनाथपुर थानाध्यक्ष अलका सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब और शराबियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## चंपारण एक्सपो 2026 की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न, प्रचार गाड़ी को किया गया रवाना

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। रविवार को मोतिहारी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शहर के एक निजी होटल के सभागार में चंपारण एक्सपो 2026 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य चंपारण एक्सपो 2026 की तैयारियों की समीक्षा करना तथा प्रेस वार्ता के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी साझा करना था। उल्लेखनीय है कि चंपारण एक्सपो 2026 में उत्तर बिहार के मोतिहारी, बेतिया, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और समस्तीपुर सहित विभिन्न जिलों के कुल 60 स्टॉल लगाए जाएंगे। इस एक्सपो में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योगों को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों को एक मंच प्रदान करना है। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष महेश सिन्हा तथा उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम भीमसरियां ने की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक डॉ. विवेक गौरव, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अनुपम जायसवाल, राजीव विजडम, कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा, डॉ. कमलेश कुमार, मेहुल लाल, हेमंत कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजीव जायसवाल तथा नॉर्थ बिहार चैंबर के प्रमोद जाजोदिया, सज्जन शर्मा, मनोज केजरीवाल, राज कुमार श्रॉफ और मुकेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।चंपारण एक्सपो 2026 को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रचार गाड़ी को भी संयुक्त रूप से रवाना किया गया। कार्यक्रम के सफल समापन पर धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आलोक कुमार द्वारा किया गया। उक्त जानकारी महासचिव -सह- मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दी।

## बरदाहा पंचायत में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव हेतु विशेष जनसुविधा शिविर आयोजित करीब 100 लोगों ने उठाया लाभ

बीएनएम @ मोतिहारी




सेल्सफोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) द्वारा रविवार को मोतिहारी सदर प्रखंड के बरदाहा पंचायत भवन में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव हेतु विशेष जनसुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मोहन सहनी, सरपंच मुरारी सहनी, वार्ड सदस्य रामायण सहनी, शिव शंकर सहनी एवं झरिया देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया मोहन सहनी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ उनका लाभ प्राप्त करने में भी काफी सुविधा होती है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की। शिविर में बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) के हामिद रजा और सत्यप्रकाश के नेतृत्व में संस्था द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक हरि कुमार ने ऑनलाइन आवेदन, केवाईसी, बैंक खाता अपडेट, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आवासीय, जाति और आय प्रमाण पत्र सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने के लिए लोगों के आवेदन लिए गए तथा उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। शिविर में पुनर्पकली देवी, बीरबल सहनी, जीवत सहनी, बीरबल माझी, सुरेंद्र राय, रविन्द्र कुमार सहित लगभग 100 लोगों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं से जुड़ने का लाभ उठाया। वहीं हामिद रजा ने बताया कि इस तरह के निःशुल्क शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है, ताकि जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव आपदा के जोखिम को कम करने और आपदा न्यूनीकरण में भी सहायक है। इसी उद्देश्य से बाल रक्षा भारत द्वारा निःशुल्क कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

## ढाका अनुमंडल में एलपीजी गैस एजेंसियों का निरीक्षण, 3–4 दिनों में हो रही सिलेंडर डिलीवरी

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। सिकरहना (ढाका) अनुमंडल पदाधिकारी ने रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न एलपीजी गैस एजेंसियों का पुनः निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजेंसी संचालकों से गैस बुकिंग और आपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली गई। एजेंसी संचालकों ने बताया कि 7 मार्च 2026 से उपभोक्ताओं द्वारा मोबाइल से गैस बुकिंग करने पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद 3 से 4 दिनों के भीतर गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। वहीं 8 मार्च 2026 से कंपनी के निर्देशानुसार केवल उपभोक्ता बुकिंग के आधार पर ही घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में 25 दिनों के अंतराल पर रिफिल बुकिंग की व्यवस्था थी, जिसे अब कंपनी द्वारा बढ़ाकर 45



दिन कर दिया गया है। वर्तमान में कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद है। कंपनी की ओर से निर्देश दिया गया है कि विद्यालयों द्वारा लेटर पैड पर लिखित आवेदन देने के बाद ही कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देने का निर्देश दिया।

## धूमधाम से मना गॉड लाइक केयर विद्यालय का वार्षिकोत्सव, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झूमे लोग

बीएनएम @ सुगौली



**सुगौली**। स्थानीय बाजार स्थित गॉड लाइक केयर विद्यालय में रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सह वर्तमान वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार श्रीवास्तव तथा अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने समारोह में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारित भी करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों को भावी जीवन की चुनौतियों का सही तरीके से सामना करने के लिए सक्षम बनाती है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। बच्चों ने अपने नृत्य और अभिनय के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक मंच पर प्रस्तुत की। विभिन्न राज्यों के गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने "अनेकता में एकता" की भावना को जीवंत कर दिया, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों और स्थानीय लोगों की काफी भीड़ रही। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## रक्सौल में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, हजारों लोगों ने मिलकर किया इफ्तार

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल**। शहर स्थित वाईएस रिसोर्ट में रविवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य साबिर अली की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्सौल, सुगौली और नरकटिया विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए और सभी ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल देखने को मिली। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य साबिर अली ने कहा कि पाक रमजान का महीना आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टी के आयोजन से समाज में आपसी मेलजोल बढ़ता है और एक बेहतर समाज के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने सभी धर्मों का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि इफ्तार कराने से नेकी मिलती है और दुआ कबूल होती है। कार्यक्रम में करीब पांच हजार लोगों के शामिल होने की बात बताई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव, पूर्व प्रमुख नुरुल हसन, प्रमुख व्यवसायी कलीम अहमद, पूर्व प्रमुख संतोष कुमार उर्फ पप्पू, जिला पार्षद मोहम्मद नविहसन, लोजपा (आर) के वरीय नेता लोहा पांडेय, जुनैद अली, अताउर्रहमान अता, ई. अरशद अहमद, वसीम अहमद, भूषण सिंह, इरशाद अहमद, सोहैल अहमद, शमशुद्दीन आलम, जावेद अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डुमरियाघाट में 64 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**बीएनएम @ डुमरियाघाट**। स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 64 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस दौरान तीन शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने रविवार को सरोतर गांव में छापेमारी कर कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया। वह भोली राम का पुत्र और सरोतर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से चार लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। इस मामले में डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 85/26 दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई धनगढ़हां चौक के पास की गई, जहां पुलिस ने ग्लैमर बाइक पर लदी 60 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। इस दौरान राजा कुमार और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया। राजा कुमार, रामचंद्र महतो का पुत्र तथा सुनील कुमार, मुकेश महतो का पुत्र है। दोनों संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस ने बरामद शराब और बाइक को जब्त कर लिया है। इस मामले में डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 86/26 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने बताया कि दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रखे हुए है।

### खेल और सामाजिक कार्यक्रमों से युवाओं को जागरूक करना सबसे प्रभावी तरीकाः डीएम

**बीएनएम @ बेतिया**। जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण, बेतिया और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के साझा प्रयासों से रविवार को बेतिया पुलिस लाइन में HIV/AIDS के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए "एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 क्रिकेट कप" का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से युवाओं को इस गंभीर बीमारी के बचाव और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना था।इस अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका लक्ष्य जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। शिविर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच), बेतिया की विशेषज्ञ टीम ने सभी रक्तदाताओं की सावधानीपूर्वक जांच कर सुरक्षित ढंग से रक्त संग्रह किया।जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से बीमारी के प्रति सचेत करना एक अत्यंत प्रभावी तरीका है। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने पुलिसकर्मियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस समाज के प्रति अपनी मानवीय जिम्मेदारियों को निभाने के लिए सदैव तत्पर है। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक सुमित कुमार ने हेल्पलाइन नंबर 1097 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकता है। इस कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज को स्वास्थ्य और सेवा का एक सशक्त संदेश दिया।

### पटना की सड़कों पर उतरेंगे हजारों परीक्षार्थीः दिलीप कुमार

**शिक्षक बहाली परिणाम में देरी**

**बीएनएम @ पटना** । बिहार में शिक्षक बहाली परीक्षा (TRE-4) के परिणाम में हो रही अत्यधिक देरी ने अभ्यर्थियों के बीच भारी असंतोष पैदा कर दिया है। छात्र नेताओं ने राज्य सरकार और बिहार लोक सेवा आयोग को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि 18 मार्च तक परीक्षा फल घोषित नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के परीक्षार्थी पटना की सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। छात्र नेता दिलीप कुमार का कहना है कि परीक्षा संपन्न हुए लंबा समय बीत चुका है, किंतु आयोग की ढुलमुल नीति के कारण परिणाम अब तक लंबित है, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है।अभ्यर्थियों का आरोप है कि स्पष्ट समय-सीमा के अभाव में उनकी मानसिक चिंताएँ बढ़ रही हैं। छात्र संगठन इस विलंब को युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय मान रहे हैं और इसे लेकर सामाजिक माध्यमों पर भी मुहिम तेज हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन उनके रोजगार और जीवन से जुड़ा है, इसलिए वे अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल, इस विषय पर आयोग की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

### चिउटाहां में भीषण आग

**बेजुबान पशुओं की गई जान**

**बीएनएम @ बगहाः** बगहा पुलिस जिला के चिउटाहां थाना अंतर्गत जिमरी गांव में शनिवार देर रात भीषण अग्निकांड में एक पशु बथान और फूस की झोपड़ी जलकर खाक हो गई। जिमरी निवासी पूरन पासवान के बथान में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस हृदयविदारक घटना में खूंटे से बंधी एक गाय और एक बकरे की झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं।आग की लपटों ने बथान के पास रखे एक रिक्शा ठेला और दो साइकिलों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे पूरी तरह जलकर राख हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित परिवार का पशुधन और घरेलू सामान नष्ट हो चुका था। पीड़ित पूरन पासवान ने चिउटाहां थाना और बगहा-दो अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजे और सरकारी सहायता की गुहार लगाई है।

### अवैध कब्जों से बढ़ रहा बाढ़ का खतरा, पर्यावरण को हो रहा भारी नुकसानः सुप्रीम कोर्ट

**गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः सभी राज्यों से मांगी विस्तृत रिपोर्ट**



**बीएनएम @पटनाः** गंगा नदी के तटों पर बढ़ते अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन तथा गंगा किनारे बसे सभी राज्यों (उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल) को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने स्पष्ट रूप से पूछा है कि इन अतिक्रमणों के कारण बाढ़ की स्थिति कितनी गंभीर हो रही है और पर्यावरण पर इसका क्या दुष्प्रभाव पड़ रहा है।यह मामला पटना के अशोक कुमार सिन्हा की याचिका से जुड़ा है, जिन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक आदेश को चुनौती दी है। याचिका के अनुसार, पटना के दीघा से नौजर घाट के बीच चिन्हित 213 अवैध कब्जों में से अब तक केवल 58 ही हटाए जा सके हैं, जबकि 145 अतिक्रमण अब भी बरकरार हैं।अदालत ने चिंता व्यक्त की कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा आने से पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) बिगड़ रहा है और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से यह भी विवरण माँगा है कि वर्ष 2016 की पर्यावरण संरक्षण अधिसूचना के तहत गंगा तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इस सख्त निर्देश के बाद अब गंगा किनारे बसे शहरों में अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज होने की संभावना है।

# डुमरियाघाट में बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत, बस सवार एक दर्जन यात्री जख्मी

» हादसे के बाद सड़क किनारे और गड्ढे में पलटे दोनों वाहन, ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा
» ट्रक ने ओवरटेक के दौरान बस में पीछे से मारी जबरदस्त टक्कर
» सभी जख्मियों की हालत स्थित, हो रहा इलाज

बीएनएम @ डुमरियाघाट



नेशनल हाईवे-27 पर रविवार को डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सरोतर पहल चौक स्थित पुलिस चेक पोस्ट के पास व मलंग बाबा मंदिर के ओवरटेक के दौरान सामने बस और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन पलट गए। हादसे में करीबएक दर्जन बस सवार यात्री जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी जख्मियों को बस से निकालकर इलाज के लिए रामपुर खजुरिया चौक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कुछ जख्मियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, जबकि कई का इलाज अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार "मां वैष्णो" नामक यात्री बस रक्सौल से मोतिहारी होते हुए पिपरा कोठी के रास्ते गोपालगंज जा रही थी। बस जैसे ही सरोतर पहल स्थित पुलिस चेक पोस्ट के समीप पहुंची, पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार, सड़क पर बस के पीछे दो ट्रक चल रहे थे। सबसे पीछे चल रहे ट्रक ने पहले आगे वाले ट्रक में टक्कर मारी, जिससे वह अनियंत्रित होकर बस से जा भिड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि बस और ट्रक दोनों अनियंत्रित हो गए। हादसे में बस सड़क किनारे पलट गई। बस का आधा हिस्सा सड़क पर और आधा हिस्सा सड़क के बाहर लटक गया, जबकि ट्रक करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर दो-तीन बार पलटी खा गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी यात्री या चालक को गंभीर चोट नहीं आई। बताया जाता है कि ट्रक लकड़ी का भूसा लोड कर पिपरा कोठी से गोपालगंज की ओर जा रहा था। वहीं सबसे पीछे वाला ट्रक, जिसने पहले टक्कर मारी थी, हादसे के बाद वह मौके से फरार हो गया। जख्मियों में मोतिहारी के रघुनाथपुर निवासी सुनैना देवी और शांति देवी शामिल हैं। इसके अलावा उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले के एक सरदार तथा मुजफ्फरपुर जिले के कांटी निवासी लाल बाबू साह अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ गोपालगंज के थावे मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। इस परिवार में संगीता देवी, कांति देवी और रिंकी देवी भी जख्मी हुई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने बताया कि मौके पर पहुंचकर घटनास्थल को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। सभी जख्मियों का इलाज जारी है। मामले में अग्रतर कारवाई की जा रही है।

## चोरी हुई बाइक दिलाने के नाम पर मजदूर से 10 हजार की ठगी, प्राथमिकी दर्ज

» जयसिंहपुर बड़हरवा गांव से मजदूर की बाइक हुई थी चोरी
» फोनपे के माध्यम से आरोपी ने लिया 10 हजार रुपये
» पीड़ित ने बातचीत की रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपी

बीएनएम @तुरकौलिया

**तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर दक्षिणी पंचायत स्थित बड़हरवा गांव में चोरी हुई बाइक दिलाने के नाम पर एक मजदूर से 10 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित अमरेंद्र कुमार, पिता ललन सिंह, ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक अक्टूबर 2025 में घर के दरवाजे से चोरी हो गई थी। इसके बाद वे लगातार अपनी बाइक की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही हरेंद्र शर्मा के पुत्र मंटू शर्मा ने फोन कर कहा कि यदि उसे 10 हजार रुपये दिए जाएं तो वह चोरी हुई बाइक बरामद करा देगा। मजदूर अमरेंद्र कुमार ने भरोसा कर फोनपे के माध्यम से मंटू शर्मा को 10 हजार रुपये भेज दिए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपी पिछले तीन महीनों से बाइक दिलाने के नाम पर टालमटोल कर रहा है और अब तक बाइक नहीं दिला सका है। पीड़ित ने बताया कि उसने मंटू शर्मा के साथ हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी कर ली है, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। अमरेंद्र कुमार का आरोप है कि मंटू शर्मा ने साजिश के तहत उनकी बाइक चोरी करवाई है और अब विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस संबंध में तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑडियो क्लिप की जांच की जा रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रामगढ़वा में प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी सेविका संघ का गठन, रानी देवी बनी निर्विरोध अध्यक्ष

बीएनएम @रामगढ़वा



**रामगढ़वा**। प्रखंड क्षेत्र के एक निजी भवन में रविवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी सेविका संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की 80 से अधिक सेविकाएं उपस्थित रहीं। चुनाव प्रक्रिया के बाद रानी देवी को निर्विरोध संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि सीमा कुमारी को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संगठन के संचालन के लिए रोज़ीना खातून को सचिव, गीता कुमारी को संयुक्त सचिव, मीनू देवी को संयोजक और सरिता देवी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का बैठक में मौजूद सेविकाओं ने स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष रानी देवी ने कहा कि संघ सरकारी नियमों और मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सेविकाओं के हितों की रक्षा करना और किसी भी स्तर पर उनके शोषण को रोकना है। साथ ही संघ सेविकाओं और विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेगा। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में कार्यकारिणी का और विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर अंजुम आरा, कलिमा खातून, अनुराधा सिंह, कोमल सिंह, अनीता चौबे, शोभा देवी, शबाना खातून, रुकसाना खातून, खुशबू खातून, नूर बेगम, अर्चना बेगम, रागिनी कुमारी समेत कई सेविकाएं उपस्थित थीं।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बगहा की बैठक आयोजित

» प्रो. तिवारी की पुस्तक 'भारत के कर्णधार' का हुआ लोकार्पण

बीएनएम @बगहा





**बगहा**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बिहार की बगहा जिला इकाई की बैठक रविवार को प्रखंड बगहा-2 के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष प्रो. अरविंद नाथ तिवारी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. तिवारी ने संगठन की मजबूती, विस्तार और पत्रकारों की एकजुटता पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार तीर्थराज कुशवाहा, स्व. दिनेश मिश्र और स्व. प्रदीप अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सदस्यता शुल्क जमा करने, एसोसिएशन का खाता पीएनबी में खोलने तथा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नियमित बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पत्रकार चंद्रभूषण शंडील्य, इजरायल अंसारी, तूफानी चौधरी, मुरारी शरण तिवारी, माधवेंद्र पांडेय, कौशल कुमार, रवीश मिश्र, समिउल्लाह कासमी, चंद्रप्रकाश आर्य, जयप्रकाश वर्मा, महावीर अग्रवाल, निर्भय कुमार, हरिद्वार काजी, पंचानंद सिंह, नरेंद्र पांडेय, अमन यादव, मो. अबू शाबिर, विजय शर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रो. अरविंद नाथ तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक 'भारत के कर्णधार' का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर नगर के साहित्यकार डॉ. रविकेश मिश्र, इकोनॉमी इंडिया पत्रिका के संपादक मनोहर मनोज, बगहा-2 पीएचसी प्रभारी डॉ. केबीएन सिंह और पत्रकार महावीर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. रविकेश मिश्र ने कहा कि प्रो. तिवारी ने अपनी पुस्तक में उन महान व्यक्तित्वों का उल्लेख किया है, जिन्होंने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं संपादक मनोहर मनोज ने कहा कि पुस्तक में कई ऐसे विषयों को भी शामिल किया गया है, जिनकी जानकारी आम लोगों को कम है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तिवारी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर साहित्यकार अविनाश पांडेय, डॉ. रणवीर सिंह, रमेश मिश्र समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## नीतीश के बाद भाजपा के हाथ में होगी बिहार की कमानः शिवानंद तिवारी

बीएनएम @पटना



**पटना**। बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की अटकलों ने नेतृत्व परिवर्तन की बहस तेज कर दी है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि नीतीश कुमार का केंद्र की राजनीति में जाना लगभग तय है। उनके अनुसार, नीतीश कुमार के बाद बिहार की कमान भारतीय जनता पार्टी के हाथ में जा सकती है।तिवारी ने संकेत दिया कि भाजपा के भीतर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे प्रमुखता से उभर रहा है। उन्होंने भाजपा की वर्तमान रणनीति और सम्राट चौधरी को दी गई महत्वपूर्ण भूमिकाओं को इसका आधार बताया। साथ ही, उन्होंने बिहार के पुराने 'लव-कुश' (कुर्मी-कुशवाहा) समीकरण का उल्लेख करते हुए इसे राज्य की राजनीति के बदलते सामाजिक स्वरूप से जोड़ा। हालांकि, इन दावों पर अभी कोई आधिकारिक मुहर नहीं लगी है, लेकिन इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

## प्रखंड स्तर तक मजबूत होगा जन सुराजः प्रदेश अध्यक्षः मनोज भारती




बीएनएम @ बेतिया

**बेतिया**। जन सुराज जिला कार्यालय, बेतिया में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती की अध्यक्षता में पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य प्रवक्ता ई. सिकंदर चंद्रा के अनुसार, प्रदेश महामंत्री सुभाष कुशवाहा ने संगठनात्मक कार्यों की प्रगति जाँची और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की।अध्यक्ष मनोज भारती ने प्रखंड स्तर तक संगठन विस्तार पर जोर देते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द बैठकें कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें। बैठक में राघवेंद्र पाठक, भुवन पटेल और कुंदन पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसका मुख्य उद्देश्य जन सुराज की नीतियों को जमीनी स्तर पर आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना है।

## सात निश्चय योजना पर सवालः टंकी बनी, लेकिन वार्ड-6 में नहीं पहुंचा पानी

बीएनएम @ हरसिद्धि



**हरसिद्धि**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के तहत चल रही नल-जल योजना कई स्थानों पर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। इसका एक उदाहरण हरसिद्धि प्रखंड के सोनबरसा पंचायत के वार्ड संख्या-6 में देखने को मिल रहा है, जहां लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी सैकड़ों परिवारों को शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-6 में सामुदायिक भवन के पास पानी की टंकी और पाइपलाइन का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन अब तक घरों तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। परिणामस्वरूप पूरी व्यवस्था केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस कारण वार्ड के करीब 300 से अधिक परिवार आज भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री के सोनबरसा पंचायत आगमन के दौरान प्रशासनिक स्तर पर काफी सक्रियता देखी गई थी। उस समय नल-जल योजना, शौचालय निर्माण और बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर तेजी से कार्य हुआ था। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही हर घर तक नल के माध्यम से पानी पहुंचेगा, लेकिन करीब दस साल बाद भी वार्ड संख्या-6 के कई परिवार इस सुविधा से वंचित हैं। मजबूरन ग्रामीणों को चापाकल और अन्य स्रोतों से पानी लेना पड़ रहा है, जो कई बार दूषित भी होता है। ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी के सेवन से जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। इस समस्या को लेकर कई बार पीएचईडी विभाग और स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नल-जल योजना को जल्द चालू कर वार्ड के सभी घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# ईरान–अमेरिका संघर्षः वैश्विक शक्ति संतुलन और शांति की चुनौती



त्रिभुवन कुमार चौबे

आज का विश्व विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर चुका है। मानव ने अंतरिक्ष तक अपनी पहुँच बना ली है, डिजिटल क्रांति ने जीवन को तेज और सुविधाजनक बना दिया है तथा वैश्विक व्यापार ने देशों को आर्थिक रूप से एक-दूसरे से जोड़ दिया है। इसके बावजूद विडंबना यह है कि दुनिया अभी तक स्थायी शांति और स्थिरता हासिल नहीं कर सकी है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में शक्ति संतुलन, सामरिक प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय हितों के कारण समय-समय पर तनाव और संघर्ष पैदा होते रहते हैं। पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी ईरान और अमेरिका के बीच का संघर्ष इसी जटिल वैश्विक परिदृश्य का महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह विवाद केवल दो देशों के बीच का राजनीतिक मतभेद नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था तक महसूस किया जाता है। पिछले चार दशकों से दोनों देशों के बीच राजनीतिक अविश्वास, आर्थिक प्रतिबंध, परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद और क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। कई बार यह तनाव इतना बढ़ जाता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की आशंका तक उत्पन्न हो जाती है। मध्य-पूर्व क्षेत्र दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा संसाधनों का केंद्र है। वैश्विक तेल भंडार का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र में स्थित है, इसलिए यहां होने वाला कोई भी संघर्ष केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रहता बल्कि पूरी विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। भारत जैसे उभरते हुए देश के लिए यह मुद्दा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं, व्यापारिक हितों और कूटनीतिक संतुलन का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। ईरान और अमेरिका के संबंध हमेशा से तनावपूर्ण नहीं थे। बीसवीं सदी के मध्य तक दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग रहा था। 1950 और 1960 के दशक में ईरान अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी था। उस समय ईरान में पश्चिम समर्थक शासन था और अमेरिका का वहां की राजनीति तथा अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव था। स्थिति 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद पूरी तरह बदल गई। इस क्रांति के परिणामस्वरूप ईरान में नई सरकार सत्ता में आई जिसने पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका के प्रभाव का विरोध किया। इसी दौरान तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास में बंधक संकट उत्पन्न हुआ, जिसमें कई अमेरिकी नागरिकों को महीनों तक बंधक बनाकर रखा गया। इस घटना ने दोनों देशों के संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया। इसके बाद अमेरिका ने ईरान पर कठोर आर्थिक और राजनीतिक प्रतिबंध लगाए और दोनों देशों के बीच अविश्वास की गहरी खाई बन गई। ईरान-अमेरिका संघर्ष का सबसे प्रमुख कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल ऊर्जा उत्पादन और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को आशंका रही है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। लंबे समय तक चली कूटनीतिक वार्ताओं के बाद वर्ष 2015 में एक महत्वपूर्ण परमाणु समझौता हुआ, जिसके तहत ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति दी और बदले में उस पर लगे कई आर्थिक प्रतिबंधों में ढील दी गई। हालाँकि कुछ वर्षों बाद अमेरिका इस समझौते से अलग हो गया और ईरान पर फिर से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए गए। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव फिर से बढ़ गया और क्षेत्रीय स्थिति और अधिक जटिल हो गई। ईरान-अमेरिका विवाद को समझने के लिए मध्य-पूर्व की भू-राजनीतिक स्थिति को समझना भी आवश्यक है। यह क्षेत्र महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों और विशाल ऊर्जा संसाधनों के कारण लंबे समय से वैश्विक राजनीति का केंद्र रहा है। फारस की खाड़ी, होर्मुज़ जलडमरूमध्य और स्वेज नहर जैसे समुद्री मार्ग अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेष रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल टैंकर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। यदि किसी कारणवश यह मार्ग अवरुद्ध हो जाए तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है और तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। फारस की खाड़ी के आसपास ईरान, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और इराक जैसे बड़े तेल उत्पादक




देश स्थित हैं। इन देशों की ऊर्जा संपदा के कारण यह क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। यदि इस क्षेत्र में व्यापक युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है तो न केवल तेल आपूर्ति प्रभावित होगी बल्कि वैश्विक व्यापार और आर्थिक स्थिरता भी संकट में पड़ सकती है। जब भी ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में अस्थिरता दिखाई देती है। तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि होने लगती है और इसका प्रभाव दुनिया के लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऊर्जा पर निर्भर उद्योगों की लागत बढ़ जाती है और महंगाई का दबाव बढ़ने लगता है। अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का ईरान की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ा है। तेल निर्यात में गिरावट, मुद्रा का अवमूल्यन, महंगाई और बेरोजगारी में वृद्धि जैसे कई आर्थिक संकट उत्पन्न हुए हैं। हालांकि ईरान ने इन परिस्थितियों से निपटने के लिए नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश की है और वैकल्पिक आर्थिक रणनीतियाँ अपनाने का प्रयास किया है। इस संघर्ष को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी समय-समय पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र ने शांतिपूर्ण समाधान के लिए कई पहल की हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसका उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए हो। यूरोपीय संघ के देशों ने भी कई बार दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास किया है, हालांकि अब तक स्थायी समाधान निकलना कठिन रहा है। भारत के लिए यह मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातक देशों में से एक है और उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से पूरा होता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या गंभीर तनाव उत्पन्न होता है तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकती हैं। भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में यदि तेल की कीमतों में तेज वृद्धि होती है तो इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल-डीजल की कीमतों, परिवहन लागत और महंगाई पर पड़ता है। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में लगभग 80 लाख भारतीय काम करते हैं। यदि क्षेत्र में युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है तो उनकी सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन सकती है। भारत के सामने कूटनीतिक रूप से भी एक चुनौती होती है कि वह दोनों देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखे। एक ओर अमेरिका भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ रक्षा, तकनीक और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत संबंध हैं। दूसरी ओर ईरान ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय संपर्क के दृष्टिकोण से भारत के लिए महत्वपूर्ण देश है। इसी कारण भारत की विदेश नीति लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर आधारित रही है। ईरान-अमेरिका संघर्ष का समाधान आसान नहीं है, लेकिन कूटनीतिक संवाद इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यम हो सकता है। यदि परमाणु समझौते को नए स्वरूप में पुनर्जीवित किया जाए और दोनों पक्ष आपसी विश्वास बहाली के प्रयास करें, तो तनाव कम किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता और क्षेत्रीय सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह स्पष्ट है कि ईरान और अमेरिका के बीच का संघर्ष आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति के सबसे जटिल मुद्दों में से एक है। इसका प्रभाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विश्व शांति पर भी पड़ता है। इतिहास बताता है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। इससे मानव जीवन, आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी देश युद्ध की राजनीति से ऊपर उठकर संवाद, सहयोग और पारस्परिक सम्मान के आधार पर समाधान खोजें। भारत जैसे देश, जो शांति और संतुलित कूटनीति के समर्थक रहे हैं, इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। मानव सभ्यता का भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और आपसी समझ में निहित है। यदि विश्व के शक्तिशाली देश इस सच्चाई को समझें और मानवता के हित को प्राथमिकता दें, तो निश्चित रूप से एक अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण संभव हो सकता है।

**(लेखक- बॉर्डर न्यूज मिरर में पत्रकार हैं।)**

# बंद मुट्ठी लाख़ की खुल गई तो ख़ाक की

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक सृष्टि की रचना जब अलौकिक शक्तियों से अलंकृत शक्ति ने की होगी तो, उसके अंश भारत पर विशेष कृपा, रहमत बरसाई होगी! और अद्भुत संस्कारों, सभ्यता मान सम्मान से ऐसी कौशलताओं की महक कर कृपादृष्टि बरसाई होगी कि भारत माता की मिट्टी में अद्भुत गुण समाहित हो गए और यहां जन्म लेने वाले हर जीव की देह में समाहित होकर बौद्धिक कौशलता से उपयुक्त गुणों की ज्योति पीढ़ी दर पीढ़ी जगाते रहते हैं जो, पीढ़ियों से हमारे बड़े बुजुर्गों को मिली और उसी वैचारिकता का हम लाभ उठा रहे हैं।आज हम उन वैचारिकताओं के एक अंश, बड़े बुजुर्गों की कहावतों पर चर्चा करेंगे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ क्रि वैसे तो कहावतें बहुत हैं जैसे दाने- दाने को मोहताज, ढाक के तीन पात, बुरी नजर वाले तेरा मुंह काला, घर का भेदी लंका ढाए, बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो फिर खाक की सहित हजारों कहावतें हमें मिलेगी पर आज हम चर्चा इस उपरोक्त कहावत पर करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस कहावत की करें तो हमें पारिवारिक, सामाजिक, व्यसायिक, औद्योगिक, राजनीतिक सहित अनेक क्षेत्रों के संदर्भ में यह कहावत सटीक फिट होते हमारे व्यवहारिक जीवन में या या अन्यों के ऊपर लागू होते हम देखते रहते हैं मेरा मानना है कि उपरोक्त हर क्षेत्र में उनकी इस कहावत से उनकी अंदरूनी ताकत या बड़ी कमजोरियां निश्चित रूप से छिप जाती होगी, जिसे सार्वजनिक करना उनके लिए अति हानिकारक हो सकता है! क्योंकि हर क्षेत्र की अपनी अपनी रणनीतियां होती है, कुछ सीक्रेट से होते हैं, जिन्हें सार्वजनिक करना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने के बराबर होता है क्योंकि वह उनके लिए प्रतिष्ठा, साख, ताकत, रोब का काम करते हैं!हमारी मुट्ठी अगर बंद रहेगी तो हमारे सिवा किसी को यह कमजोरी पता नहीं चलेगी , कि उसमें क्या है!

साथियों बात अगर हमआधुनिक परिपेक्ष में पारदर्शिता की करें तो यह इस कहावत की विरोधाभासी है! फिर भी इसे अपवाद के रूप में छूट है! क्योंकि वैश्विक स्तरपर रक्षा सहित उपरोक्त क्षेत्रों में अनेकों



ऐसी बातें पारदर्शिता के दायरे से मुक्ति पाने की हकदार है इसलिए ही कानून विशेषज्ञ या जानकारों को मालूम होगा कि कानूनों में प्रोवीसो, बशर्ते, सिवाएं, अपवाद, छूट, लागू नहीं जैसे अनेकों शब्दों के बल पर कानूनी रूप से भी करीब-करीब सभी कानूनों में भी छूट रहती है?

साथियों बात अगर हम, खुल गई तो फ़िर ख़ाक की, इसपर करें तो हम उसे उनकी हकीकत सामने आने के परिपेक्ष में देखते हैं, जो उपरोक्त हर क्षेत्र के लिए लागू है याने जो बात किसी को पता नहीं हो वह सबको पता चल जाती है जिससे उस क्षेत्र के, उस पक्ष की प्रतिष्ठा साख़ सहित सभी सकारात्मक स्थितियां नकारात्मकता में बदल जाती है जो उनकी बदहाली का कारण बनती है। परंतु हमें इस कहावत का अर्थ सकारात्मक में लेनें की ज़रूरत है। किसी गैर कानूनी या सृष्टि के किसी भी जीव को नुकसान या छल, धोखा पहुंचाने की दृष्टि से नहीं लेना चाहिए, यह नियम हर कहावत पर लागू होता है।

साथियों बात अगर हम इस कहावत के उदय की एक पौराणिक कहानी की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कुछ सज्जनों द्वारा यह कहानी डाली गई है कि, एक समय एक राज्य में राजा ने घोषणा की कि वह राज्य के मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए अमुक दिन जाएगा। इतना सुनते ही मंदिर के पुजारी ने मंदिर की रंग रोगन और सजावट करना शुरू कर दिया, क्योंकि राजा आने वाले थे। इस खर्चे के लिए उसने दस हज़ार रुपए का कर्ज लिया। नियत तिथि पर राजा मंदिर में दर्शन, पूजा, अर्चना के लिए पहुंचे और पूजा अर्चना करने के बाद आरती की थाली में एक रुपया दक्षिणा स्वरूप रखें और अपने महल में प्रस्थान कर गए। पूजा की थाली में एक रुपया देखकर पुजारी बड़ा नाराज हुआ, उसे लगा कि राजा जब मंदिर में आएंगे तो काफी दक्षिणा मिलेगी। बहुत ही दुखी हुआ कि कर्ज कैसे चुका पाएगा, इसलिए उसने एक उपाय सोचा। गांव भर में ढिंढोरा पिटवाया कि राजा की दी हुई वस्तु को वह नीलाम कर रहा है। नीलामी पर उसने अपनी मुट्ठी में एक रुपया रखा पर मुट्ठी बंद रखी और किसी को दिखाई नहीं। लोग समझे कि राजा की दी हुई वस्तु बहुत अमूल्य होगी इसलिए बोली दस हज़ार से शुरू हुई, बढ़ते बढ़ते पचास हज़ार रुपए तक पहुंची और पुजारी ने वो वस्तु फिर भी देने से इनकार कर दिया।

यह बात राजा के कानों तक पहुंची। राजा ने अपने सैनिकों से पुजारी को बुलवाया और पुजारी से निवेदन किया कि वह मेरी वस्तु को नीलाम ना करें। मैं तुम्हें पचास हज़ार की बजाय एक लाख रुपए देता हूँ। इस प्रकार राजा ने एक लाख रुपए देकर अपनी प्रजा के सामने अपनी इज्जत को बचाया।तब से यह कहावत बनी- बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो खाक की। यह मुहावरा आज भी प्रचलन में है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो फिर खाक की। पारिवारिक, सामाजिक, व्यवसायिक, राजनीतिक सहित अनेक क्षेत्रों के संदर्भ में बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो खाक की कहावत सटीक फिट है। भारतीय संस्कृति में बड़े बुजुर्गों की कहावतों की व्यवहारिक सटीकता हमारे दैनिक जीवन में प्रमाणित होती है।

(-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र )




**मेष राशिः** मेष राशि वालों आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नया अनुभव मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध कर सकता है।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**सिंह राशिः**सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस मे बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाहवाही करेंगे। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज कामकाज व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए काम बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। इस राशि की महिलाओं को आज शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज बेवजह की बहस करने वालों से दूरी बनाये रखें। साथ ही कामकाज से फ्री होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर सुकून के कुछ पल बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे साथ ही व्यावहारिक बदलाव करने का सोचेंगे।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी अनुभवी और सफल राजनेता का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक सुख सुविधाओं में वृद्धि से होने से लाभ होगा।

**मकर राशिः**मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको दोगुना लाभ होने की संभावना बन रहीं है। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों को विशेष सम्मान दिए जाने की घोषणा होगी। आपके सगे सम्बन्धियों से मेलजोल बढ़ेगा।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम आसानी से पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

# ट्रम्प की टैरिफ राजनीति और भारत के खिलाफ आर्थिक दबाव की नई रणनीति

कांतिलाल मांडोत

वैश्विक व्यापार की राजनीति अक्सर केवल आर्थिक हितों तक सीमित नहीं रहती बल्कि इसके पीछे भू-राजनीतिक रणनीतियां और शक्ति संतुलन की जटिल चालें भी छिपी होती हैं। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत और चीन सहित 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ तथाकथित अनुचित व्यापार व्यवहार की जांच शुरू करना इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही यह नीति केवल व्यापारिक नियमों का मामला नहीं है बल्कि वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में बढ़ते देशों को नियंत्रित करने का प्रयास भी मानी जा रही है।

पिछले महीने अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया था। यह फैसला प्रशासन की व्यापारिक रणनीति के लिए बड़ा झटका माना गया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने नया कानूनी रास्ता खोजते हुए ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के तहत जांच की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रावधान के तहत अमेरिका को यह अधिकार मिलता है कि यदि किसी देश पर अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप साबित होता है तो वह उस देश के खिलाफ एकतरफा टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है।

अमेरिका का आरोप है कि कुछ देश अपनी घरेलू जरूरत से अधिक उत्पादन करते हैं और उस अतिरिक्त माल को सस्ते दामों पर वैश्विक बाजार में बेचते हैं। इसे डंपिंग कहा जाता है। साथ ही अमेरिका यह भी दावा करता है कि कई देश सरकारी सब्सिडी देकर अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाते हैं ताकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें। अमेरिका का यह भी कहना है कि कुछ देश अपनी मुद्रा को कमजोर बनाए रखते हैं जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा मिलता है और अमेरिकी कंपनियों को नुकसान होता है।

हालांकि इस पूरे मामले को केवल आर्थिक तर्कों के आधार पर समझना पर्याप्त नहीं है। वैश्विक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम उस समय उठाया गया है जब भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से वैश्विक व्यापार और उत्पादन के केंद्र बन रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत की ओर रुख कर रही हैं। ऐसे समय में अमेरिका द्वारा इस प्रकार की जांच शुरू करना कई विशेषज्ञों को रणनीतिक दबाव की नीति जैसा प्रतीत होता है।

ट्रम्प प्रशासन की यह नीति दरअसल अमेरिका फर्स्ट के उस सिद्धांत से जुड़ी है जिसे ट्रम्प ने अपने राजनीतिक अभियान का आधार बनाया था। उनका मानना रहा है कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था ने अमेरिकी उद्योगों और कामगारों को नुकसान पहुंचाया है। इसी सोच के तहत उन्होंने पहले भी कई देशों पर टैरिफ लगाए थे और व्यापारिक समझौतों को दोबारा बातचीत के लिए मजबूर किया था।

लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह नीति वैश्विक व्यापार के लिए अस्थिरता पैदा करती है। यदि अमेरिका अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ लगातार टैरिफ का इस्तेमाल करता है तो इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में तनाव बढ़ेगा। इसका असर केवल संबंधित देशों पर ही नहीं बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

भारत के संदर्भ में यह मामला और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार ने वर्ष 2029 तक देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। ऐसे समय में यदि बड़े बाजार भारत के निर्यात पर टैरिफ लगाने लगते हैं तो इससे भारतीय उद्योगों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापारिक कूटनीति को मजबूत किया है। भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं बल्कि एक बड़ा उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं जैसी नीतियों ने वैश्विक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित किया है। इसके अलावा भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी किए हैं जिससे उसके निर्यात के नए रास्ते खुल रहे हैं।

अमेरिका द्वारा शुरू की गई इस जांच में भारत के अलावा चीन यूरोपीय संघ जापान दक्षिण कोरिया मैक्सिको वियतनाम ताइवान थाईलैंड मलेशिया कंबोडिया सिंगापुर इंडोनेशिया बांग्लादेश स्विट्जरलैंड और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह कदम केवल किसी एक देश के खिलाफ नहीं बल्कि व्यापक वैश्विक व्यापार रणनीति का हिस्सा है।

आने वाले समय में इस जांच की प्रक्रिया के तहत विभिन्न देश और कंपनियां अपनी दलीलें प्रस्तुत करेंगी। मार्च से इस प्रक्रिया की शुरुआत होगी और मई में सुनवाई के बाद अमेरिका कोई फैसला ले सकता है। यदि अमेरिका को अपने आरोपों के समर्थन में पर्याप्त आधार मिल जाता है तो वह इन देशों पर नए टैरिफ लागू कर सकता है।

फिर भी कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह पूरी प्रक्रिया वास्तव में दबाव की रणनीति हो सकती है जिसका उद्देश्य व्यापारिक वार्ता में बेहतर शर्तें हासिल करना है। अमेरिका अक्सर इस तरह की जांच और टैरिफ की धमकी का उपयोग अपने व्यापारिक साझेदारों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए करता रहा है।

भारत के लिए इस स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि वह अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए मजबूत कूटनीतिक और आर्थिक रणनीति अपनाए। भारत को अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण करना होगा और घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और मजबूत बनाना होगा। साथ ही वैश्विक व्यापार नियमों के तहत अपने अधिकारों की रक्षा करना भी जरूरी होगा।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल 2026 से पहले जानिए टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पारियां, टॉप-6 में नहीं हैं रोहित और कोहली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन की शुरुआत का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और क्रिकेट प्रशंसक एक बार फिर मैदान पर बड़े सितारों की धमाकेदार बल्लेबाजी देखने के लिए उत्साहित हैं। फैंस को खास तौर पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से बड़ी पारियों की उम्मीद रहती है, जो क्रमशः मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते नजर आते हैं। हालांकि आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी पारियों की सूची पर नजर डालें तो हैरानी होती है कि इसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली का नाम शीर्ष छह में शामिल नहीं है। आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम दर्ज है। उन्होंने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ खेलते हुए तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की थी। गेल ने उस मुकाबले में सिर्फ 66 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 175 रन बनाए थे। इस पारी के दौरान उन्होंने 13 चौके और 17 छक्के जड़ते हुए गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। आज भी यह पारी आईपीएल इतिहास की सबसे यादगार और बड़ी पारी मानी जाती है। दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का नाम आता है। आईपीएल के पहले ही मुकाबले में 2008 में उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाकर टूर्नामेंट की शुरुआत को ऐतिहासिक बना दिया था। उस पारी में मैकुलम ने 10 चौके और 13 छक्के लगाए थे और उनकी यह पारी लंबे समय तक सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड रही। तीसरे नंबर पर युवा भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का नाम दर्ज है। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलते हुए महज 55 गेंदों में 141 रन की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 14 चौके और 10 छक्के शामिल थे। चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक हैं, जिन्होंने आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 70 गेंदों में 140 रन बनाए थे। पांचवें नंबर पर एबी डिविलियर्स का नाम आता है, जिन्होंने 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में नाबाद 133 रन की शानदार पारी खेली थी। वहीं छठे स्थान पर केएल राहुल हैं, जिन्होंने 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 69 गेंदों में नाबाद 132 रन बनाए थे। दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में शामिल विराट कोहली और रोहित शर्मा की सबसे बड़ी पारियां क्रमशः 113 और 109 रन की हैं, लेकिन इसके बावजूद वे टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पारियों की शीर्ष छह सूची में जगह नहीं बना सके हैं।

## धोनी के बिना सीएसके की कल्पना मुश्किल, यह उनका आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता हैः इरफान पठान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि एमएस धोनी के बिना चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) और इंडिन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कल्पना करना बेहद मुश्किल है। हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि आईपीएल 2026 संभवतः धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है। पठान ने एक बातचीत में कहा कि धोनी अब टीम के भविष्य को तैयार करने की भूमिका निभा सकते हैं और युवा खिलाड़ियों को नेतृत्व के लिए तैयार करेंगे। पठान के अनुसार, धोनी की मौजूदगी मैदान के अंदर ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी टीम के लिए बेहद अहम होती है। उन्होंने कहा कि भले ही यह साफ नहीं है कि धोनी इस सीजन में कितने मुकाबले खेलेंगे, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। पठान का मानना है कि धोनी फ्रेंचाइजी के भविष्य के नेताओं को तैयार करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीम में सजू सैमसन और रुतुराज ग्वायकाड़ जैसे खिलाड़ियों को नेतृत्व समूह का हिस्सा बनाया जा सकता है। रुतुराज पहले से ही टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी और संभावित लीडर माने जाते हैं। पठान के मुताबिक फ्रेंचाइजी भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो या तीन खिलाड़ियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी के लिए तैयार कर रही है, ताकि आने वाले वर्षों में टीम मजबूत बनी रहे। पठान ने यह भी कहा कि इस सीजन में धोनी की फिटनेस, बल्लेबाजी क्रम और खेलने वाले मैचों की संख्या को लेकर कई सवाल उठेंगे। उनके अनुसार इन सवालों का जवाब केवल टीम मैनेजमेंट ही दे सकता है। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि चेन्नई सुपर किंग्स इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए धोनी को शानदार विदाई देने की कोशिश करेगी और छठी बार आईपीएल खिताब जीतने का लक्ष्य रखेगी।

## आईसीसी अध्यक्ष जय शाह बोले, कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं

**एजेंसी, मुम्बई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा है कि कोई भी देश या टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। शाह ने कहा कि कोई एक टीम मिलकर संगठन नहीं बना सकती। सभी टीमों के साथ आने से ही संगठन बनना है, इसलिए किसी को भी वेवजह विवाद खड़े नहीं करने चाहिये। माना जा रहा है कि शाह ने ये टिप्पणी टी20 विश्वकप से पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान के विवाद खड़े करने को लेकर की है। बांग्लादेश ने अपने मैच तटस्थ स्थल पर नहीं रखे जाने के कारण विश्वकप का बहिष्कार किया था। वहीं पाक ने भी आईसीसी की फटकार के बाद बहिष्कार का फैसला वापस लिया था। शाह ने कहा है कि आईसीसी सभी सदस्य टीमों के सामूहिक प्रयास से चलता है। उन्होंने कहा, विश्व कप से पहले काफी अटकलें लगाई जा रही थीं कि कुछ टीमें हिस्सा लेंगी या नहीं। आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। कोई एक टीम मिलकर संगठन नहीं बनाती, बल्कि सभी टीमों के साथ मिलकर ही संगठन चलता है। शाह ने कहा कि विश्वकप बेहद सफल रहा। इसमें कुल व्यूअरशिप के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए। इसमें सभी एसोसिएट टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अमेरिका, नीदरलैंड और नेपाल जैसे टीमों तक ने बड़ी टीमों को कड़ी टक्कर दी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव रहे शाह ने कहा कि विश्वकप विजेता भारतीय टीम को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक सहित आने वाले बड़े टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए अभी से मेहनत करनी चाहिये। विश्व कप से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने भारत आने से इनकार कर दिया था।

## एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 5 महान बल्लेबाज, ब्रैडमैन का रिकॉर्ड आज भी अटूट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेट इतिहास में कई ऐसे रिकॉर्ड बने हैं जिन्हें तोड़ना आज भी लगभग असंभव माना जाता है। खासकर टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों द्वारा एक ही सीरीज में बनाए गए विशाल स्कोर आज भी क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर देते हैं। टेस्ट क्रिकेट के करीब 149 साल के इतिहास में केवल दो बल्लेबाज ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने एक ही सीरीज में 900 से ज्यादा रन बनाए। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ पारियां ऐसी रहीं जो रिकॉर्ड बुक में हमेशा के लिए दर्ज हो गईं। इस सूची में सबसे ऊपर नाम आता है ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रेडमैन का। उन्होंने 1930 की दा एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया जिसे आज भी क्रिकेट का चमत्कार कहा जाता है। ब्रैडमैन ने पांच मैचों की उस सीरीज में 139.14 की औसत से 974 रन बनाए थे, जो एक टेस्ट सीरीज में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। इस ऐतिहासिक सीरीज में उन्होंने 334 रन की तिहरी पारी के साथ दो दोहरे शतक भी लगाए थे। लगभग एक सदी बीतने के बाद भी यह रिकॉर्ड अटूट बना हुआ है। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के महान बल्लेबाज वॉली हैमंड का नाम आता है। उन्होंने 1928-29 की एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 905 रन बनाए थे।

## आईपीएल इतिहास की सबसे खतरनाक गेंदबाजी, जब अल्जारी जोसेफ ने 16 गेंदों में ढहा दी थी पूरी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। नए सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी टूर्नामेंट को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आईपीएल का इतिहास ऐसे कई यादगार पलों से भरा है, जिन्होंने इस लीग को दुनिया की सबसे रोमांचक टी20 प्रतियोगिता बना दिया। इन्हीं में से एक यादगार प्रदर्शन 2019 में देखने को मिला था, जब एक गेंदबाज ने अपने घातक स्पेल से क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। यह कारनामा वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने किया था, जो उस समय मुंम्बई इंडियंस की ओर से खेल रहे थे। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ ऐसा गेंदबाजी प्रदर्शन किया, जो आज भी आईपीएल इतिहास का सबसे बेहतरीन स्पेल माना जाता है। जोसेफ ने सिर्फ 3.4 ओवर यानी 16 गेंदों में 12 रन देकर 6 विकेट झटके थे। उनकी इस घातक गेंदबाजी के सामने हैदराबाद के बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए और पूरी टीम बिखर गई। यह आंकड़ा आज भी आईपीएल इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के रूप में दर्ज है। उस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 136 रन बनाए थे। टी20 क्रिकेट के लिहाज से यह स्कोर ज्यादा बड़ा नहीं माना जाता। आज के दौर में कई टीमें इतने रन शुरुआती कुछ ओवरों में ही बना लेती हैं। ऐसे में उस समय यह माना जा रहा था कि सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 137 रन का लक्ष्य हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

# बिजनेस

## सरकार ने पीएनजी उपयोगकर्ताओं के एलपीजी सिलेंडर रखने पर लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों पर सब्सिडी वाला लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 14 मार्च को जारी एक अधिसूचना में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण नियमन) आदेश-2000 में बदलाव किया है। इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को 'सरेंडर' करना जरूरी हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां अब संशोधित आदेश के तहत पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं को खाली एलपीजी सिलेंडर के बदले भरा हुआ रसोई गैस सिलेंडर नहीं देंगी। इसका मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है, जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव को कम किया जा सके। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने शहर गैस वितरण कंपनियों से घरों को घरेलू पीएनजी कनेक्शन देने के काम में तेजी लाने और उन इलाकों में उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने को कहा है जहां पाइपलाइन का ढांचा पहले ही बिछाया जा चुका है। भारत अपनी लगभग 88 फीसदी कच्चे तेल, 50 फीसदी प्राकृतिक गैस और 60 फीसदी एलपीजी की जरूरत को आयात से पूरा करता है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले और जवाबी ईरानी कार्रवाई से पहले भारत का आधे से अधिक कच्चे तेल का आयात, लगभग 30 फीसदी गैस और 85-90 फीसदी एलपीजी का आयात सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे पश्चिम एशियाई देशों से आता था।

## युद्ध संकट के चलते यूएई जाने वाली एअर इंडिया की दर्जनों उड़ानें रद्द, यात्री परेशान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मध्य पूर्व में गहराते युद्ध के संकट ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई देशों द्वारा अपने वायु क्षेत्र (एयरस्पेस) को बंद करने और सुरक्षा कारणों से लगाई गई पाबंदियों का सीधा असर वैश्विक उड़ानों के शेड्यूल पर पड़ा है। इसी क्रम में, संयुक्त अरब अमीरात के एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के बाद एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी उड़ानों में भारी कटौती की घोषणा की है। 15 मार्च 2026 के लिए निर्धारित कई एड-हॉक उड़ानों को अचानक रद्द करना पड़ा है, जिससे भारत और यूएई के बीच यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्री विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। एअर इंडिया के अनुसार, दुबई एयरपोर्ट अथॉरिटी के निर्देशों के कारण परिचालन को सीमित करना अनिवार्य हो गया है। दिल्ली-दुबई मार्ग पर एअर इंडिया की पांच में से चार निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और अब केवल एक ही रिटर्न फ्लाइट संचालित होगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है।

## इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का दबदबा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारत में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का फिलहाल मजबूत दबदबा बना हुआ है। टाटा मोटर्स के पास करीब 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। कंपनी की सफलता के पीछे उसका बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो भी प्रमुख कारण है, जिसमें नेक्सन ईवी, पंच ईवी, टियागो ईवी, टिगोर ईवी, कर्व ईवी और हैरियर ईवी जैसे मॉडल शामिल हैं।

हालांकि देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार अभी भी टाटा के पास नहीं है। टाटा की टियागो ईवी की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये है, जबकि एमजी कॉमेट ईवी की कीमत 7.35 लाख रुपये से शुरू होती है।टाटा मोटर्स में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स के प्रोडक्ट लाइन हेड आनंद कुलकर्णी का कहना है कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन अब कीमत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच रहे हैं। कुछ मॉडल ऐसे हैं जो इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) कारों के करीब कीमत पर उपलब्ध होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि बैटरी तकनीक में तेजी से सुधार हो रहा है, जिससे ज्यादा एनर्जी-डेंस बैटरी, तेज चार्जिंग और बेहतर सुरक्षा संभव हो पाई है। कुलकर्णी के अनुसार मोटर, इन्वर्टर, ऑनबोर्ड चार्जर और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कंपोनेंट्स का बेहतर इंटीग्रेशन वाहन का वजन कम कर रहा है और पैकेजिंग एफिशिएंसी बढ़ा रहा है। पहले ये सभी अलग-अलग यूनिट्स हुआ करते थे, बाद में इन्हें 3-इन-1 सिस्टम में बदला गया और अब इंटीग्रेशन और उन्नत स्तर पर पहुंच रहा है। इससे बचने वाला वजन बैटरी क्षमता बढ़ाने में उपयोग किया जा सकता है, जिससे बिना बड़े बदलाव के वाहन की रेंज बेहतर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बैटरी कीमतों में नरमी और तकनीकी सुधार के कारण कई मामलों में इलेक्ट्रिक कारें आईसीई वाहनों की कीमत के करीब 10 प्रतिशत के भीतर पहुंच चुकी हैं। भारत में 10 लाख रुपये से कम का सेगमेंट सबसे बड़ा बाजार माना जाता है और टाटा की रणनीति का मुख्य फोकस भी यही है। कंपनी ने हाल ही में पंच ईवी को बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ पेश किया है, जिससे इसकी शुरुआती कीमत 6.94 लाख रुपये तक लाई गई है।

## टी 30 इलेक्ट्रिक बाइक की ग्राहक डिलीवरी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक बाइक निर्माता कंपनी राप्टी.एचवी ने अपनी हाई-वोल्टेज टेक्नोलॉजी पर आधारित टी 30 इलेक्ट्रिक बाइक की ग्राहक डिलीवरी शुरू कर दी है। इस मोटरसाइकिल की एक्स-शोरूम कीमत 2.39 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी इसके साथ 8 साल की बैटरी वारंटी और 3 साल की वाहन वारंटी दे रही है। यह कदम कंपनी के सात वर्षों से अधिक समय तक चले शोध और इंजीनियरिंग के बाद प्रोडक्ट डेवलपमेंट से व्यावसायिक स्तर पर पहुंचने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए सर्विस सपोर्ट, डेडिकेटेड सर्विस प्वाइंट ऑफ कॉन्टैक्ट और रोडसाइड असिस्टेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी की टी 30 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ने हाल ही में 19 दिनों में देशभर में 7,530 किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि के साथ इसका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। भारत में किसी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल द्वारा इतनी लंबी दूरी तय करने का यह पहला मामला बताया जा रहा है। इस राइड के दौरान सीसीएस2 डीसी फास्ट चार्जिंग तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे देशभर में मौजूद 40,000 से अधिक पब्लिक डीसी फास्ट चार्जर का लाभ लिया जा सका। इस चुनौतीपूर्ण यात्रा को राइडर बाला मणिकंदन ने पूरा किया, जिन्होंने औसतन प्रतिदिन 407 किलोमीटर की दूरी तय की। मोटरसाइकिल को फास्ट चार्जिंग स्टेशन पर लगभग 30 मिनट में चार्ज किया जा सका, जबकि एसी चार्जिंग पर 80 प्रतिशत चार्ज होने में करीब एक घंटा लगा। पूरी यात्रा के दौरान बार-बार फास्ट चार्जिंग के बावजूद बैटरी की सेहत 100 प्रतिशत बनी रही। राप्टी.एचवी के सीईओ और सह-संस्थापक दिनेश अर्जुन के अनुसार, T30 को सात वर्षों की मेहनत से विकसित किया गया है और इसमें हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर दोनों का नियंत्रण कंपनी के पास है।


## इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन पर 31 तक ही मिलेगा सरकारी इंसेंटिव

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के पीछे सरकार की प्रोत्साहन नीतियां और सब्सिडी बड़ी वजह मानी जा रही हैं, जिसके चलते अब कई ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर खरीदने वाले ग्राहकों के लिए मौजूदा समय काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इन वाहनों पर मिलने वाला डिमांड इंसेंटिव केवल 31 मार्च 2026 तक ही उपलब्ध रहेगा। इसके बाद यह सब्सिडी समाप्त हो जाएगी। हालांकि केंद्र सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन योजना पीएम ई-ड्राइव स्कीम 31 मार्च 2028 तक लागू रहेगी, लेकिन दो और तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा प्रोत्साहन सीमित अवधि के लिए ही है। ऐसे में जो लोग इलेक्ट्रिक स्कूटर या बाइक खरीदने की योजना बना रहे हैं, उनके लिए अभी खरीदारी करना अधिक लाभदायक हो सकता है। यह योजना 1 अक्टूबर 2024 से शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना और स्वच्छ परिवहन को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया, तीनपहिया, ई-एम्बुलेंस और इलेक्ट्रिक ट्रकों के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सरकार सीधे आर्थिक प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर बैटरी क्षमता के आधार पर इंसेंटिव दिया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह प्रोत्साहन प्रति किलोवाट-घंटा 5,000 रुपये तक था, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह घटकर 2,500 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा रह जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को आसान बनाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। देशभर में हजारों सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिसके लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। इसके अलावा कई कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर पर अतिरिक्त छूट और विशेष ऑफर भी दे रही हैं। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में लगातार नई कंपनियां भी प्रवेश कर रही हैं। हालांकि बिक्री के मामले में अभी भी कुछ बड़ी कंपनियों का दबदबा बना हुआ है, लेकिन छोटे ब्रांड भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का पोस्टर जारी 22 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



पिछले कुछ साल से अभिनेता बॉबी देओल के दोनों हाथों में लड्डू हैं। हरी हारा वीरा मल्लू और कंगुआ जैसी साउथ की कई फिल्मों में उन्होंने दमदार विलेन बनकर फैंस का दिल जीता। दूसरी ओर, उनकी हिंदी फिल्म बंदर लंबे समय से चर्चा में है, जिसपर आखिरकार ताजा जानकारी आ गई है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ में रिलीज की तारीख बताई गई है।

निर्माताओं द्वारा जारी बंदर के पोस्टर को लाल और हरे रंग के विभाजन के साथ दर्शाया गया है। धूप का चश्मा पहनकर बॉबी सलाखों के पीछे खड़े होकर किसी को घूर रहे हैं। उनका इंटेंस लुक आकर्षित करता है। फिल्म का निर्माण निखिल द्विवेदी ने किया है और इसे जी स्टूडियोज का समर्थन मिला है। कहानी सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने मिलकर लिखी है, जिन्हें पाताल लोक, उड़ता पंजाब और कोहरा के लेखकों के तौर पर जाना जाता है। फिल्म बंदर का पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख का खुलासा भी किया गया है। यह फिल्म 22 मई, 2026 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने के लिए उतरेगी। इसके कलाकारों की टोली में सान्या मल्होत्रा, इंद्रजीत सुकुमारन, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, नागेश भोसले, सपना पब्बी और रिद्धि सेन सवार हैं। बता दें कि 50वें टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2025 में विशेष प्रस्तुति श्रेणी में बंदर का प्रीमियर किया गया था।




## धुरंधर 2 का एडवांस बुकिंग में डंका, रिलीज से पहले विदेशों तक मचाई धूम

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर 2: द रिवेंज अपनी एडवांस बुकिंग में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। एक ओर, फिल्म भारत में प्रीव्यू शो के लिए टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री कर रही है। दूसरी तरफ अमेरिका और कनाडा में यह कमाई के जरिए पहले ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। इन सब की बदौलत रणवीर की फिल्म ने रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार करते हुए निर्माताओं की झोली भर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर 2 ने भारत में प्रिव्यू शो के लिए 13 मार्च की सुबह तक 4.7 लाख टिकटों की बिक्री कर ली। इसी के साथ कमाई 24.4 करोड़ के पार पहुंच गई है। आंकड़ा दर्शाता है कि धुरंधर 2 किसी भारतीय फिल्म का सबसे बड़ा प्रीमियर बनने जा रही है। यह पवन कल्याण अभिनीत दे कॉल हिम ओजी (रिलीज 2025) द्वारा प्रिव्यू शो में बनाए गए रिकॉर्ड 25 करोड़ को तोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, धुरंधर 2 ने उत्तरी अमेरिका में ओपनिंग डे के लिए लगभग 27.7 करोड़ कमा लिए हैं। इसमें केवल प्रीमियर शोज के लिए नॉर्थ अमेरिका में करीब 9.24 करोड़ की एडवांस बुकिंग हुई। इससे धुरंधर 2 की विश्वव्यापी एडवांस बुकिंग कमाई रिलीज से पहले ही लगभग 60 करोड़ के आसपास हो गई है। बता दें कि आदित्य धर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को दुनियाभर में तहलका मचाने के लिए तैयार है।



## शाहिद कपूर कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की तिकड़ी लेकर आ रही कॉकटेल-2



## वरलक्ष्मी सरथकुमार की फिल्म सरस्वती में प्रकाश राज की एंट्री

### किरदार के नाम से भी हटा पर्दा





वरलक्ष्मी सरथकुमार अपने गहन और दिलचस्प अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अब वह सरस्वती नाम की फिल्म से निर्देशक के रूप में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म तेज़ी से आगे बढ़ रही है और अब यह बात सामने आ रही है कि प्रकाश राज इसमें एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म बनाने वालों ने प्रकाश राज के किरदार के बारे में जानकारी दी है और पता चला है कि वह वकील रामानुजम का किरदार निभाएंगे। फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले प्रोडक्शन हाउस डोसा डायरीज़ ने एक प्रोमो जारी किया, जिसमें फिल्म के सेट पर प्रकाश राज के क्यञ्जस् (शूटिंग के दौरान के) क्लिप्स दिखाए गए हैं। उन्होंने लिखा, हमारे रामानुजम बनने के लिए प्रकाश राज सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। सरस्वती का पहला लुक अब सामने आ गया है। इसे वरुसारथ ने डायरेक्ट किया है। वरलक्ष्मी सरथकुमार ने पोस्ट किया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया सर!!! आपके साथ काम करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात थी। उन्होंने कहा था, यह साल मेरे लिए बहुत ही ज़बरदस्त रहा... मेरी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म सरस्वती... हमने एक महीने पहले इसकी शूटिंग शुरू की थी और अब सरस्वती की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, इस शानदार सफर का हिस्सा बनने वाले हर एक इंसान का मैं शुक्रिया अदा करती हूँ। मेरे सभी एक्टर्स... टीम के सदस्य... लाइटमैन से लेकर प्रोडक्शन में काम करने वाली अम्मा तक, सभी का शुक्रिया। मैं आप सभी की बहुत आभारी हूँ। अभी तो और भी बहुत कुछ करना बाकी है। और भी बहुत कुछ कहना है... जल्द ही... आप सभी को आने वाले नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। वरलक्ष्मी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में प्रकाश राज, प्रिया मणि, राधिका सरथकुमार और नवीन चंद्र मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जबकि फिल्म का संगीत थमन ने तैयार किया है।






शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म कॉकटेल 2 इस साल जून में रिलीज होगी। इससे पहले मार्च में दर्शकों के सामने इसका फर्स्ट लुक सामने आएगा, जो सिनेमाघरों में देखा जा सकेगा।

कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है कि आगामी बुधवार को सिर्फ सिनेमाघरों में फर्स्ट लुक रिलीज होगा। आगे लिखा है, अधिक जानकारी के लिए इस बुधवार 18 मार्च को थिएटर में जरूर जाएं। फिल्म कॉकटेल 2 की कहानी लव ट्राएंगल पर आधारित बताई जा रही है, जो मॉर्डन लव स्टोरी पर फोकस होगी। बता दें कि फिल्म कॉकटेल 2 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। इस साल जनवरी के आखिर में इस फिल्म की शूटिंग खत्म हुई थी। कॉकटेल 2 साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है। इसमें दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी और सैफ अली खान लीड रोल में थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म कॉकटेल को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। देखना होगा कि सीक्वल क्या कमाल करता है? फिलहाल फर्स्ट लुक के लिए दर्शक उत्साहित हैं। शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म ओ रोमियो थी। यह 13 फरवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज हुई, मगर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में औसत ही रही। वहीं, रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में विजय देवरकोंडा से शादी रचाई है। रश्मिका की झोली में फिल्म रणबाली भी है, जिसमें वे विजय के साथ नजर आएंगी।

## सिनेमाघरों में गदर काटने के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देगी बॉर्डर 2, 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम





सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन अभिनीत फिल्म बॉर्डर 2 ने सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा दिया। दर्शक इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उनका यह इंतजार जल्द पूरा हो सकता है। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है।

फिल्म बॉर्डर 2 23 जनवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब करीब दो महीने बाद यह ओटीटी पर आ रही है। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के मुताबिक बॉर्डर 2 फिल्म 20 मार्च, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। थिएटर्स के बाद दर्शक अब घर बैठे इसका लुत्फ उठा सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। फिल्म बॉर्डर 2 ने थिएटर्स में धमाकेदार प्रदर्शन किया। न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि वर्ल्डवाइड भी इसने शानदार प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि ओटीटी पर भी इसे दर्शकों से शानदार रिएक्शन मिल सकते हैं। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म बॉर्डर 2 साल 1971 के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म बॉर्डर 2 साल 1997 में आई जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित बॉर्डर का सीक्वल है। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म बॉर्डर 2 ने वर्ल्डवाइड 449.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन जुटाया। फिल्म में सोनम बाजवा, मेधा राणा, मोना सिंह और आन्या सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। सनी देओल के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 है। इसके अलावा वे रणबीर कपूर अभिनीत रामायण पार्ट 1 में भी नजर आएंगे। फिल्म इक्का भी उनकी झोली में है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।




## जिम जाने वाले लोग नाश्ते में खा सकते हैं ये हाई प्रोटीन व्यंजन, आसान है बनाना



जिन लोगों को जिम जाने का शौक होता है, वे अपनी डाइट का खास ख्याल रखते हैं। हालांकि, कई लोग सुबह के समय ज्यादा खाने से कतराते हैं, लेकिन नाश्ते में हाई प्रोटीन वाले व्यंजनों को शामिल करना उनके लिए जरूरी है। इससे न केवल उनकी मांसपेशियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि शरीर को भरपूर ऊर्जा भी मिलेगी। आइए आज हम आपको ऐसे नाश्ते की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें बनाना काफी आसान है और ये स्वादिष्ट भी हैं।

**मूंग दाल का चीलाः** मूंग दाल का चीला भी एक स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले मूंग दाल को रातभर पानी में भिगोकर रख दें, फिर सुबह इसे दरदरा पीस लें। अब इस पेस्ट में नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और बारीक कटी हुई सब्जियां मिलाएं। एक तवे पर थोड़ा-सा तेल गर्म करके इसमें तैयार मिश्रण फैलाएं और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक पकाएं। इसे हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

**सोया चंक्स उपमाः** सोया चंक्स उपमा एक सेहतमंद और प्रोटीन से भरपूर विकल्प है, जिसे आप अपने नाश्ते में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सोया चंक्स को गर्म पानी में भिगोकर नरम कर लें, फिर इन्हें निचोड़कर अलग रख दें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करके उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में सोया चंक्स मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें।

**छोले की टिक्की :** छोले की टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले छोले को रातभर पानी में भिगोकर पका लें। अब इन्हें मिक्सी में पीस लें, फिर इसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाकर टिक्की बनाएं। अब एक तवे पर तेल गर्म करके इन टिक्कियों को दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। इन्हें हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

**क्विनोआ उपमा :** क्विनोआ एक खास अनाज है, जिसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले क्विनोआ को धोकर भिगो दें, फिर इसे उबाल लें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में क्विनोआ मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें। इन व्यंजनों को बनाना आसान है और ये आपके नाश्ते को पौष्टिक बनाने में मदद करेंगे।

# Delhi Police conducts training session to strengthen action against drug abuse

**New Delhi, Agency:** To further strengthen the campaign against drug abuse, the Anti-Narcotics Task Force (ANTF) of the Delhi Police Crime Branch organized a special joint training session for investigating officers. The training was conducted in hybrid mode on March 14 at the Adarsh Auditorium at Police Headquarters. A total of 611 officers participated.

209 officers were present in the auditorium, while 402 joined virtually. Participants included officers ranging from Sub-Inspector to Assistant Commissioner of Police, duty officers, and MHC (M).

According to information received from Police Headquarters, the Delhi Police, especially the Crime Branch and ANTF, are taking strict action against drug abuse under a "zero tolerance policy." Additionally, aspects such as awareness, rehabilitation, and community engagement are also being addressed as part of a multi-pronged strategy. A senior police officer stated that during the training, officers were briefed on the importance of robust investigations and solid evidence in cases under the NDPS Act. Emphasis was placed on financial investigations, particularly in cases involving commercial quantities, to effectively disrupt the economic activities of drug traffickers. The session also emphasized the need to take maximum preventive action against drug traffickers under the special act. Information was also provided about the NCB-operated helpline number 1933, through which citizens can confidentially report drug-related information and receive assistance.



## Massive fire at Nature Bazaar over 40 shops gutted



**New Delhi, Agency:** A massive fire broke out at Nature Bazaar in Delhi's Vasant Kunj area on Sunday morning. The fire quickly engulfed several small shops in the market. According to the fire department, approximately 40 to 50 small shops were reduced to ashes. However, there were no reports of casualties.

According to Delhi Fire Department Public Relations Officer Rajinder Atwal, the control room received a call about the fire at around 7:37 a.m. on Sunday. The incident site was identified as Nature Bazaar in Ambedkar Colony, near Delhi Haat Andheriya Mor, near the Chhattarpur Metro Station. Upon receiving the call, the fire department immediately responded, initially dispatching two water tenders, two water bowsers, one breathing fire tender, and one quick response vehicle to the scene. Upon arriving at the scene, fire officials issued a "Make-4" call at around 8 a.m., following the severity of the fire. Additional fire engines were dispatched to the scene. Three more were later dispatched. Firefighters brought the fire under control after considerable effort. According to fire officials, the fire engulfed approximately 40 small shops in the market, completely destroying their goods and causing significant financial losses to the shopkeepers. The cause of the fire is currently unknown. Initial suspicions are a short circuit.

## Minister Vipul Goel inaugurates Faridabad Flower Festival 2026



**New Delhi, Agency:** Haryana Revenue and Urban Local Bodies Minister Vipul Goel on Saturday inaugurated the Faridabad Flower Festival-2026. Goel, attending the festival as the chief guest, appreciated the efforts of MC Faridabad officers and public representatives in reviving the town flower park.

He said that the successful organisation of the programme was made possible due to the collective efforts of the MC team, elected representatives and various sections of society.

The Minister said that the people of Faridabad are committed to the development of the city. Referring to earlier tree plantation drives, development of Town Park, Eco-Van, Namo-Van, and beautification of parks, he said that the development works approved for Town Park will bring about even more visible changes in the coming years. He also informed that there are plans to introduce facilities such as a water canal and boating for children.

Highlighting improvements in sanitation arrangements, systems such as door-to-door waste collection, mechanised and manual cleaning, and night sweeping are being further strengthened and the city will witness significant improvements in the coming months.

Sharing the details about the proposed visit of the Chief Minister, Goel said that a programme has been scheduled at Sector-12 on April 4 at 11:00 am.

## Uttam Nagar killing: Hindu body, kin seek CBI/SIT probe in



**New Delhi, Agency:** Members of Sarva Hindu Samaj along with the family of 26-year-old Tarun, who was killed in a clash in west Delhi earlier this month, on Saturday demanded that the investigation into the case be handed over to an independent agency such as the Central Bureau of Investigation (CBI) or a Special Investigation Team (SIT). The demand was raised during a press conference where the victim's family and area residents called for strict punishment for all those involved in the killing. Tarun's mother alleged that her son was attacked by a large group of people, and appealed for justice.

"So many people came and beat my son mercilessly for such a small matter. We want strict action against all of them and justice for my child," she said. Representatives of the organisation alleged that the deceased was surrounded by around 30-40 people and attacked with sticks, iron rods, swords and stones, which led to his death.

They urged authorities to transfer the probe to the CBI, an SIT or the Delhi Police's Crime Branch to ensure a fair and transparent investigation.

The organisation also demanded that CCTV footage and DVR recordings from the area, including nearby religious premises, be seized and examined.

It further called for the formation of a special inquiry committee to monitor the investigation and ensure impartiality. According to the Delhi Police, the clash took place in the JJ Colony area of Uttam Nagar on March 4 after water from a balloon thrown by a girl from the deceased's family during Holi celebrations splashed on a woman from a neighbouring family, leading to an argument that escalated into violence.

## MCD specially-abled students perform at Rashtrapati Bhavan



**New Delhi, Agency:** Specially-abled students from schools run by the Municipal Corporation of Delhi participated in the annual Purple Fest held at Amrit Udyan within the premises of Rashtrapati Bhavan. It marks the first time that students from MCD schools took part in the event.

According to officials, the participation was part of the civic body's efforts to promote inclusive education and ensure the holistic development of students studying in its schools. The festival brought together persons with disabilities and students from across the country, providing them a platform to showcase their talents.

At the event, two students from MCD schools presented a dance performance, while nine students took part in a fancy dress competition. A total of 11 students from MCD schools participated in the programme.

During the visit, the students also toured Amrit Udyan, which is known for its landscaped gardens and seasonal flower displays inside the Rashtrapati Bhavan complex.

International para-athlete Vikas Dagar, who is also a principal at an MCD school, attended the event along with officials from the MCD Education Department and teachers accompanying the students.

Officials said the Purple Fest is organised annually at Amrit Udyan and serves as a platform for persons with disabilities from across the country to present cultural performances and participate in various activities.

## Government bans PNG users from possessing LPG cylinders




**New Delhi, Agency:** Amid the West Asia crisis, the Central Government has prohibited households holding Piped Natural Gas (PNG) connections from possessing or obtaining subsidized Liquefied Petroleum Gas (LPG) connections.

In a notification issued on March 14, the Ministry of Petroleum and Natural Gas amended the Liquefied Petroleum Gas (Regulation of Supply and Distribution) Order, 2000 under the Essential Commodities Act. Under this, consumers with PNG connections are now required to surrender their domestic LPG connections. Under the amended order, public sector petroleum companies will no longer exchange filled LPG cylinders for empty LPG cylinders to consumers holding PNG connections. This is intended to prioritize LPG supply for households that do not have access to piped gas.

Meanwhile, due to the global energy supply crisis, the sector regulator has asked city gas distribution companies to rapidly expand their PNG infrastructure to ease pressure on cooking gas supplies. The Petroleum and Natural Gas Regulatory Board (PNGRB) has asked city gas distribution companies to expedite the provision of domestic PNG connections to households and prioritize consumers in areas where pipeline infrastructure has already been laid.

India meets approximately 88 percent of its crude oil, 50 percent of natural gas, and 60 percent of LPG needs through imports. Before the US-Israeli attack on Iran on February 28 and the Iranian retaliatory actions, more than half of India's crude oil imports, about 30 percent of gas, and 85-90 percent of LPG imports came from West Asian countries such as Saudi Arabia and the United Arab Emirates (UAE).

# Fusion flavours take centre stage at Culinary Art India

**New Delhi, Agency:** Innovation and creativity took centre stage at the culinary competitions held during AAHAR - The International Food & Hospitality Fair, where chefs experimented with global techniques and Indian flavours at Culinary Art India organised by the Indian Culinary Forum.

From sushi inspired by street food to chocolates infused with traditional spices, the competitions reflected a growing trend of fusion cuisine aimed at appealing to Indian palates.

One of the most talked-about entries came from chef Narendra Singh, who experimented with chocolates infused with distinctly Indian ingredients. His creations included Cardamom and Black Pepper Bon Bon, Drumstick Bon Bon, Kevda Bon Bon and Pineapple Kurkand Roulade. The Cardamom and Black Pepper Bon Bon particularly stood out for its blend of Indian spices with European confectionery techniques. Cardamom, widely used in Indian sweets such as kheer and gulab jamun, was paired with the warmth of black pepper to create a bon bon that balanced traditional flavours with a Western dessert style.



Fusion was also visible in the sushi category, where chef Rohit Singh Rawat from Uttarakhand presented a range of innovative sushi varieties inspired by Indian dishes. Rawat, who has been in the culinary industry for about a decade, said the idea behind the concept was to make sushi more appealing to Indian taste buds.

"Most sushi has rice, seafood and vegetables, but many Indian diners do not enjoy the taste of traditional sushi. So I tried to add Indian spices and flavours," he said. Among his creations were Vada Pav sushi, Chicken 65 sushi, Lime Spice Prawn sushi, Achari Nigiri and Kerala Spiced Mutton sushi. Rawat said the Vada Pav sushi was an attempt to reinterpret the popular Mumbai street food in a Japanese format.

"People should feel that they are eating something familiar even when they try sushi," he said. While chefs showcased creative interpretations, culinary experts emphasised the importance of balance in fusion cooking. Chef Davinder Kumar, president of the Indian Culinary Forum, said fusion cuisine offers a platform for creativity, but should not compromise the identity of the original dish.

"Fusion helps in creativity and innovation because it allows the amalgamation of different flavours. But one must ensure that the originality of the cuisine is not lost," he said. Kumar added that Indian chefs increasingly experiment by blending spices and techniques from different regions of India rather than relying only on foreign ingredients.

"For instance, incorporating panch phoron or kasundi mustard into other dishes can create new flavours while still retaining Indian culinary roots," he said.

Student chefs also joined the experimentation during mocktail competitions. Ashwin Walia, a sixth-semester student of Le Cordon Bleu at GD Goenka University, presented two drinks - "Midnight" and "Amla Breeze". His drinks combined ingredients such as amla, toasted black salt, ginger syrup and mulberry with spices, including clove and vanilla. Walia said the idea behind the drinks was to evoke memories of traditional amla candy while blending these with contemporary mixology techniques.

"Fusion, to me, means taking two ingredients that may or may not naturally go together and turning them into something completely new," he said.

Another student participant, Divyansh Sahni from the same university, drew inspiration from temple cuisines and regional beverages. One of his drinks, Temple Mist, was inspired by traditional temple offerings and used jaggery and ginger for a refreshing flavour.